**सुविचार**
सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मजबूत बनाने आती हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 04 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 107 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com  E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
जान्हवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिससेज...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,193.30 |
| निफ्टी | : | 18,089.85 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,795 |
| चांदी | : | 81.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# प्रमुख धार्मिक स्थलों का सर्किट बनाएंगे श्रद्धालुओं को देंगे बेहतर सुविधाएं : CM

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गढ़वा को 797 करोड़ रुपये की 74 योजनाओं की दी सौगात

**BUREAU CHIEF RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को खनिज संपदा के रूप में जाना जाता है लेकिन अब पर्यटन के रूप में इस राज्य को अलग पहचान दिलाने की दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। पर्यटक स्थलों को संरक्षित और विकसित कर रहे हैं। इस कड़ी में राज्य के धार्मिक स्थलों का सर्किट बनाया जाएगा। सभी प्रमुख धार्मिक स्थल इससे जोड़ें जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हम बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा सकें। हमारी कोशिश है कि विश्व के टूरिज्म मैप पर झारखंड को भी एक अलग पहचान दिला सके।

**दो दिवसीय राजकीय बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन :** सीएम बुधवार को बंशीधर नगर, गढ़वा में दो दिवसीय राजकीय श्री बंसीधर महोत्सव का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिला है। आने वाले वर्षों में इस महोत्सव को और भव्यता देने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी कला-संस्कृति और परंपरा को इतना मजबूत करना है कि विपरीत परिस्थितियों में भी इसे कोई तोड़ नहीं सके। इसी सोच के साथ धार्मिक स्थलों को विकसित करने के लिए लगातार योजनाएं बना रहे हैं।



गढ़वा के बंशीधर नगर में कार्यक्रम से पहले सीएम हेमंत सोरेन को माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता एवं अधिकारी ● फोटोन न्यूज

### पहले कागजों पर होता था विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सिर्फ कागजों पर विकास होता था। अब धरातल पर योजनाएं उतर रही हैं। लोगों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे सरकार की योजनाओं से जुड़े और अपने आर्थिक प्रगति के मार्ग को प्रशस्त करें। सरकार आपकी मदद के लिए हमेशा आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरी संवेदना के साथ कार्य कर रही है। हमने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए हैं कि गरीब, दलितों, किसानों, मजदूरों, वंचितों, अल्पसंख्यकों समेत सभी समुदाय और वर्ग के हित में कार्य करें। हमारी सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान किया और उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया। अब अधिकारी आपके दरवाजे पर जाकर आपकी समस्याओं को दूर कर रहे हैं और यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। सीएम ने सरकार की योजनाओं और उसकी विशेषता तथा उपयोगिता को बताया और योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

### 14 योजनाओं का उद्घाटन 60 का हुआ शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने गढ़वा में 739 करोड़ 22 लाख 64 हजार 792 रुपये की लागत से 60 योजनाओं की आधारशिला रखी। साथ ही 57 करोड़ 55 लाख 22 हजार 933 रुपये की लागत से 14 योजनाओं का उद्घाटन किया। जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ, उनमें भंडरिया, रंका, धुरकी, चिनियां, रमकंडा और नगर उंटारी प्रखंड कार्यालय परिसर का विकास तथा बीडीओ, सीओ और अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों का नवनिर्मित आवास तथा नगर उंटारी में नवनिर्मित गेस्ट हाउस और विभिन्न नदियों पर निर्मित पांच पुल शामिल हैं।

### सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक लोग सामाजिक रूप से सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक राज्य का सर्वांगीण विकास संभव नहीं होगा। यही वजह है कि हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम को लागू किया है। अब राज्य के हर बुजुर्ग , विधवा परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन देने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और उसकी विशेषता तथा उपयोगिता को बताया और लोगों से इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। इसी कड़ी में कल 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन किया गया। अब स्कूलों के बच्चे भी निजी विद्यालयों की तरह अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर अपना बेहतर भविष्य बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार करने के साथ-साथ पठन-पाठन से संबंधित सभी मूलभूत जरूरतें और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों के साथ विभिन्न कोर्स करने के लिए भी सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जा रही है। इन सभी योजनाओं का मकसद राज्य में बेहतर शिक्षा का माहौल बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे किसी भी स्तर के जनप्रतिनिधि हों। अगर जनता ने आपको अपना प्रतिनिधि चुना है तो आपसे उनको काफी उम्मीदें हैं। आप लोगों की समस्याओं को दूर करने में अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विवरणी नाम से एक पुस्तिका निकाली है। इसमें सरकार की तमाम योजनाओं का जिक्र है। यह पुस्तिका सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाएगा। आप इस पुस्तिका के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की पूरी जानकारी लें और जरूरतमंदों को उसी हिसाब से योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, क्योंकि यहां की भोली-भाली जनता जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाती है। इस मौके पर मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, आईजी पलामू राजकुमार लकड़ा और उपायुक्त-एसपी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## BRIEF NEWS

### पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह को जापान ने दिया अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

**NEW DELHI :** पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह (सेवानिवृत्त) को जापान सरकार ने 'द ऑर्डर ऑफ द राइजिंग सन, गोल्ड एंड सिल्वर स्टार' से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान राष्ट्रीय रक्षा में भारत और जापान के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया है। वह देश के 24वें नौसेना प्रमुख रहे हैं और उन्हें आईएनएस विजयदुर्ग, आईएनएस राणा, आईएनएस दिल्ली की कमान संभालने का अनुभव है। एडमिरल करमबीर सिंह देश के 24वें नौसेना प्रमुख रहे हैं। मई, 2019 में नौसेना प्रमुख की कमान संभालने के बाद नवंबर, 2021 तक वे नौसेना प्रमुख रहे। उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का अति विशिष्ट सेवा मेडल भी दिया जा चुका है। वह पहले हेलीकॉप्टर पायलट हैं, जिन्हें नौसेना प्रमुख बनाया गया था। एडमिरल सिंह का जन्म 3 नवंबर, 1959 को जालंधर में हुआ था। वह 1980 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। उन्हें 1982 में हेलीकॉप्टर पायलट बनने का मौका मिला। वाइस एडमिरल करमबीर सिंह ने कमोव-25 और कमोव-28 एंटी सबमरीन हेलीकॉप्टर उड़ाया है। वे वेस्टर्न फ्लीट में फ्लीट ऑपरेशन के अफसर भी रह चुके हैं। उन्हें आईएनएस विजयदुर्ग, आईएनएस राणा, आईएनएस दिल्ली की कमान संभालने का अनुभव है।

### कुपवाड़ा मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**KUPWARA :** कुपवाड़ा जिले के माछिल इलाके में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। मारे गए आतंकियों के अन्य साथियों की तलाश में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान अभी जारी है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह जिले के माछिल इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सेना तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों को पास आता देख गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों की पहचान के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई है। क्षेत्र में अन्य आतंकियों की तलाश में सुरक्षा बलों का अभियान अभी जारी है। इसी बीच कश्मीर पुलिस जोन ने एक ट्वीट में कहा कि सेना और पुलिस काम पर है।

### देश में कोरोना के 3,720 नए मरीज, 15 की मौत

**NEW DELHI :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 3,720 नए मरीज सामने आए हैं। इस अवधि में कोरोना वायरस से संक्रमित 15 मरीजों की मौत हो गई। वहीं 7,698 मरीज स्वस्थ हुए। अबतक 4,43,84,955 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और रिकवरी रेट 98.73 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 40,177 हो गई है, जबकि दैनिक संक्रमण दर 2.47 प्रतिशत है। टीकाकरण की बात करें तो पिछले 24 घंटे में 2,459 खुराक दी गई है।

## नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामले में रंजीत कोहली ने CM को बनाया गवाह

### कोर्ट ने हेमंत सोरेन को समन जारी कर गवाही देने को कहा

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** चर्चित नेशनल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन ने बचाव पक्ष के रूप में दो गवाहों में से एक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बनाया है। इस पर कोर्ट ने हेमंत सोरेन को समन जारी कर गवाही देने को कहा है।

मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई चल रही है। सीबीआई की ओर से 26 गवाहों की गवाही पूरी हो चुकी है। इसके बाद बचाव पक्ष को अपना साक्ष्य प्रस्तुत करना है। रंजीत कोहली सहित तीन आरोपितों का इस संबंध में बयान भी दर्ज हो चुका है। इस मामले में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन, उसकी मां कौशल रानी एवं झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (निगरानी) मुश्ताक अहमद ट्रायल फेस कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई, 2014 को हुई थी। शादी के बाद से ही मारपीट एवं उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थी। हाई कोर्ट के आदेश पर 2015 में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने 22 मई, 2017 को रंजीत सिंह कोहली सहित तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### रांची हिंसा मामले में हाईकोर्ट से पांच आरोपियों को मिली जमानत

झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने बुधवार को रांची हिंसा के पांच प्रमुख अभियुक्तों अफसर आलम, तबारक कुरैशी, साबिर अंसारी, करण कछछप उर्फ मोहम्मद उस्मान और सरफराज आलम को जमानत दे दी है। आरोपियों की ओर से वरीय अधिवक्ता ए के अल्लाम ने पक्ष रखा। उनके सहायक के रूप में अधिवक्ता फैसल अल्लाम कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहे। सभी आरोपितों के खिलाफ लोअर बाजार थाना में कांड संख्या 133/2022 दर्ज की गई है, जिसमें आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 353,188, 427, 295ए, 298, 332, 504, 323 और 120बी लगाई गई है। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## सेना की जमीन घोटाला मामला: रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से ED आज करेगी पूछताछ

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सेना की जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व डीसी आईएएस छवि रंजन से गुरुवार को पूछताछ करेगी। इसे लेकर ईडी ने छवि रंजन को समन भेजा है। भेज गये समन में आईएएस छवि रंजन को सुबह 11 बजे ईडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। ईडी ने इस संबंध में 28 अप्रैल समन भेजा था। इससे पूर्व ईडी ने बीते 24 अप्रैल को छवि रंजन से पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे सबसे पहले उनसे सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री में उनकी भूमिका से संबंधित सवाल किये गए थे। इसके बाद उनके खिलाफ बड़गाईं के अंचल अधिकारी मनोज कुमार की ओर से लगाये गये आरोप के बारे



आईएएस छवि रंजन

में पूछा गया था। सीओ मनोज कुमार ने पूछताछ में ईडी को बताया था कि उसे प्रदीप बागची द्वारा अंचल कार्यालय में जमा किये गये दस्तावेज पर संदेह था लेकिन छवि रंजन द्वारा भारी दबाव और दंडित करने की धमकी देने के बाद प्रदीप बागची के पक्ष में रिपोर्ट भेजी गयी। इसके बाद जमीन की रजिस्ट्री हुई। छवि रंजन ने इन आरोपों का खंडन किया और सेना की जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में सीओ सहित वहां के कर्मचारियों को दोषी बताया था। हालांकि, वह दस्तावेज में जालस-ाजी कर सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री के सिलसिले में गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से आमने-सामने पूछताछ के दौरान ईडी के सवालों में उलझ गये थे। रंजन ने कुछ सवालों के जवाब में टाल मटोल और कुछ में चुप्पी साध ली थी।

### ईडी के गवाह ने कोर्ट में कहा- साहिबगंज में अवैध खनन किया गया है, साक्ष्य भी मिले हैं

अवैध खनन से जुड़े मनी लान्ड्रिंग मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह कमला कांत पाठक का बयान कोर्ट के समक्ष दर्ज करवाया गया। कमला कांत ने कोर्ट को बताया कि साहिबगंज जिले में अवैध खनन की गयी है और इससे संबंधित साक्ष्य भी मिले हैं। लेकिन जब सर्वे किया गया तो उस वक्त अवैध खनन की कोई गतिविधि नहीं हो रही थी। कमला कांत पाठक उस जांच कमिटी के सदस्य हैं, जो अवैध खनन का केस दर्ज होने के बाद गठित की गयी थी। गवाही के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार और पंकज मिश्रा की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद थे। मामले में गुरुवार को अब बचाव पक्ष के अधिवक्ता की ओर से कमला कांत पाठक से सवाल पूछे जायेंगे। इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, बच्चू यादव, प्रेम प्रकाश और दाहु यादव सहित अन्य लोग आरोपी हैं।

### बेबुनियाद आरोप से बन्ना गुप्ता की राजनीतिक और सामाजिक छवि खराब

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय को भेजा मानहानि का नोटिस

**PHOTON NEWS RANCHI :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कथित वीडियो वायरल और प्रतिबंधित पिस्टल रखने के आरोप लगाने के मामले में विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा है। मंत्री के वकील प्रकाश झा ने विधायक सरयू राय को नोटिस भेजकर तीन दिनों के अंदर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। बता दें कि पिछले कुछ समय से मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय के बीच वाकयुद्ध चरम पर है। मंत्री बन्ना गुप्ता के वकील प्रकाश झा द्वारा भेजे गये मानहानि के नोटिस के माध्यम से बताया गया कि विधायक सरयू राय उनके



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता



विधायक सरयू राय

मुवक्किल बन्ना गुप्ता के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार कर रहे हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंदता के कारण मंत्री बन्ना गुप्ता की राजनीतिक और सामाजिक छवि खराब हो रही है।

**मंत्री का कथित वीडियो हुआ था वायरल :** मालूम हो कि पिछले दिनों मंत्री बन्ना गुप्ता का कथित वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर विधायक सरयू राय ने कई सवाल उठाये थे। इस मामले को लेकर मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय आमने-सामने हैं। इसके बाद से दोनों के बीच वाकयुद्ध काफी तेज हो गयी है।

**जी44 ग्लॉक नहीं जी21 पिस्तौल है**

इधर, विधायक सरयू राय के खिलाफ भेजे गये मानहानि नोटिस में बताया गया कि विधायक महोदय ने जिस प्रतिबंधित पिस्तौल जी44 ग्लॉक का जिक्र कर रहे हैं वो पिस्तौल जी44 ग्लॉक न होकर जी21 पिस्तौल है। यह .45 बोर का पिस्तौल है जो प्रतिबंधित नहीं है।

### गुमला : आंगनबाड़ी केंद्र में पांच साल की बच्ची की गला काटकर हत्या

**PHOTON NEWS GUMLA :** बसिया थाना क्षेत्र के बम्बियारी गांव में गला रेतकर पांच साल की बच्ची की निर्मम हत्या कर दी गई। इस जघन्य हत्या कांड से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह बम्बियारी गांव निवासी रंजीत सिंह की बच्ची रितिका कुमारी को उसकी मां रुकमणी देवी घर के कुछ दूर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचा कर लौट आई थी। इस बीच सेविका का देवर रवि सिंह बच्ची के साथ खेलने लगा। बच्ची के साथ खेलते खेलते वह सेविका की नजरों से उसे दूर कर लिया और मौका पाकर बच्ची को एक कमरे में ले जाकर तेज धारदार हथियार से बच्ची के गर्दन को काटकर उसकी हत्या कर दी। आंगनबाड़ी सेविका को जब कुछ अनहोनी की आशंका हुई तो उसने पास पड़ोस के लोगों को हल्ला मचा कर बुलाया।

## 'जय बजरंग बली' बोलकर करो वोट, कांग्रेस को दो सजा : PM



कर्नाटक में चुनावी जनसभा को संबोधित करते नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कर्नाटक में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर कर्नाटक की पहचान बदलने की साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और लोगों को कांग्रेस से सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, क्या कर्नाटक में कोई भी गाली संस्कृति को स्वीकार करता है? क्या कर्नाटक गाली देने वाले को माफ कर देता है? जब पोलिंग बूथ में बटन दबाओ तो जय बजरंग बली बोल कर इन्हें सजा दे देना। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को शांति और प्रगति का दुश्मन बताया। उन्होंने कहा कि शांति और प्रगति चाहने वाले लोग सबसे पहले अपने राज्य से कांग्रेस को बाहर करते हैं। कांग्रेस की पूरी राजनीति बांटो और राज करो पर आधारित है। कर्नाटक के लोगों ने खुद कांग्रेस का यह खौफनाक चेहरा देखा है।

# शरद पवार के पदमुक्त होने की घोषणा के बाद महाविकास आघाड़ी फूट की कगार पर

PHOTON NEWS MUMBAI

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार के पद मुक्त होने की घोषणा के बाद महाविकास आघाड़ी फूट के कगार पर पहुंचती जा रही है। महाविकास आघाड़ी ने पूर्व नियोजित साझा सभा (बज्रमूठ सभा) को स्थगित कर दिया है। साथ ही सहयोगी दल एक दूसरे के विरुद्ध मुखर होकर बयानबाजी करने लगे हैं।



शरद पवार की फाईल फोटो।

शरद पवार के पदमुक्त होने की घोषणा के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि राकांपा किसी भी वक्त महाविकास आघाड़ी से अलग हो सकती है। शरद पवार का पद छोड़ना इसका पहला कदम है।

हालांकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि शरद पवार के पदमुक्त होने से महाविकास आघाड़ी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जो भी नया अध्यक्ष होगा उसके साथ मिलकर काम किया जाएगा। नाना पटोले ने कहा कि महाविकास आघाड़ी की ओर से आयोजित साझा बज्रमूठ सभा बारिश की वजह से स्थगित की गई है। जबकि राकांपा प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि महाविकास आघाड़ी की बज्रमूठ सभा गर्मी की वजह से स्थगित कर दी गई है।

इतना ही नहीं महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी और कांग्रेस पार्टी के बीच भी तनातनी देखी गई है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के विरुद्ध नाना पटोले ने तीखा बयान दिया है। नाना पटोले ने कहा कि संजय राऊत को कांग्रेस पार्टी के बारे में बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जबकि संजय राऊत हमेशा कांग्रेस पार्टी को लेकर उलजुलूल बयानबाजी करते रहते हैं। नाना पटोले ने कहा कि संजय राऊत कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता नहीं है, इसलिए उन्हें इससे बाज आना चाहिए।

इस पर संजय राऊत ने कहा कि नाना पटोले को कांग्रेस पार्टी में कोई नहीं पूछता है। वे सीधे राहुल गांधी से बात करते हैं।

वहीं राष्ट्रवादी पार्टी के नेता और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष इससे पहले संजय राऊत को फटकार लगा चुके हैं। अजीत पवार ने संजय राऊत को कहा था कि राकांपा के बारे में वे बयानबाजी न करें। राकांपा की जानकारी पत्रकारों तक पहुंचाने के लिए अपना खुद का प्रवक्ता है। इस तरह महाविकास आघाड़ी में मतभेद दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिसे देखते हुए अभी से फूट की संभावनाएं जताई जाने लगी हैं।

## पवार को मनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने लिखा खून से पत्र

PUNE : शरद पवार के राष्ट्रवादी कांग्रेस अध्यक्ष पद से रिटायर होने की घोषणा से सभी हतप्रभ हैं। खासकर पार्टी के नवयुवकों को यह सहन नहीं हो पाया। दर्जनों नवयुवक अपने खून से शरद पवार को चिट्ठी लिखकर उन्हें मनाने का प्रयास कर रहे हैं। मंगलवार से शुरू हुआ यह क्रम अभी भी थम नहीं रहा है।

पवार के ऐलान के बाद एनसीपी के पदाधिकारियों के साथ-साथ राज्य भर के नेता और कार्यकर्ता भावुक हैं और वे शरद पवार से फैसला वापस लेने का अनुरोध कर रहे हैं। साथ ही शरद पवार पर पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं का दबाव भी बन रहा है। अब सबकी निगाह इस बात पर हैं कि पवार इस पर क्या फैसला लेते हैं।

पुणे के एक उत्साही कार्यकर्ता संदीप काले ने बुधवार को शरद पवार को अपने खून से पत्र लिखा है, ह्लसर, आपकी ओर से लिया गया यह फैसला किसी को भी स्वीकार्य नहीं है। हम आपके फैसले से बच्चे बन गए हैं। आप हमारे भगवान हैं और आपको इस फैसले को बदलना चाहिए.ह्व

शरद पवार की घोषणा के साथ ही राजनीतिक गलियारों में गहमागहमी मच गई। नया अध्यक्ष कौन होगा, इस पर चर्चा शुरू हो गई है। शरद पवार ने एनसीपी अध्यक्ष का पद छोड़ने का फैसला अपनी पुस्तक 'लोक माझे सांगाती' के विमोचन अवसर पर किया। इस किताब में शरद पवार ने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं।

## शरद पवार अपने निर्णय पर अडिग, गतिरोध बरकरार

MUMBAI : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का अध्यक्ष पद छोड़ने के अपने निर्णय पर शरद पवार अडिग हैं। एक तरफ उन्हें मनाने का प्रयास हो रहा है, तो कार्यकतोओं को भी शांत करने का प्रयास दीगर नेता कर रहे हैं। नए अध्यक्ष का चयन करने के लिए बुधवार को वाईबी पवार सभागृह में राकांपा नेताओं की बैठक चल रही है।

शरद पवार ने मंगलवार को अपनी किताब के विमोचन के दौरान राकांपा अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा की थी। इसके बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने कहा कि शरद पवार अपने निर्णय पर दो तीन दिन में पुनर्विचार करेंगे, कार्यकर्ता शांत रहें। बुधवार को अजीत पवार ने बताया कि उन्हें राकांपा के अध्यक्ष पद में कोई रुचि नहीं है। वे इस बारे में सोच भी नहीं सकते। इसके बाद वाईबी चव्हाण सेंटर में प्रफुल्ल पटेल, सुप्रिया सुले, जयंत पाटिल छगन भुजबल आदि नेताओं की बैठक बुलाई गई है।

# गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हफीजुल हसन : दीपक प्रकाश

PHOTON NEWS RANCHI

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन एवं खेलकूद युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री संवैधानिक मयार्दाओं का उल्लंघन करते हुए गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे।



दीपक प्रकाश का फाईल फोटो।

उन्होंने कहा कि एक समाचार पत्र में साक्षात्कार के माध्यम से अतीक अहमद जैसे कुख्यात अपराधी को मंत्री ने महिमा मंडित किया है। मंत्री के बयान से राज्य सरकार की मंशा ही उजागर हुई है। यह सरकार अपराध और अपराधियों के संरक्षण के साथ तुष्टीकरण में लिप्त है।

उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि मंत्री असंवैधानिक और गैर जिम्मेदाराना बयान देने के अभ्यस्त हो चुके हैं। प्रकाश ने 1932 की नियोजन नीति के संबंध में भी मंत्री के बयान को जनता एवं बेरोजगार नौजवानों को दिग्भ्रमित करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है।

नेता प्रतिपक्ष मामले में हाई कोर्ट के निर्देश का स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर विधानसभा अध्यक्ष ने मामले को उलझाया है। राज्य में कई महत्वपूर्ण संवैधानिक पद आज नेता प्रतिपक्ष के बिना खाली पड़े हैं। राज्य सरकार को जनसमस्याओं के समाधान से कुछ भी लेना-देना नहीं है।

# बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आयोजन पांच मई से, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

PHOTON NEWS RANCHI

बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पांच से सात मई तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आयोजन मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सुप्रीमो शिबू सोरेन करेंगे। इसे लेकर बुधवार को आयोजन समिति के सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता की।



मीडिया को जानकारी देते सुप्रियो भट्टाचार्य व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि मेले के मुख्य मंच का नामकरण बांग्ला कविता और नाटक के प्रथम रचयिता माइकल मधुसूदन दत्त के नाम पर किया गया है। उनके 200वें साल के जश्न का साक्षी रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम बनेगा। सुप्रियो ने कहा कि माइकल को पायोनियर ऑफ बंगाल लिटरेचर के नाम से जाना जाता है। शाम सात बजे आयोजन स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मेले के पहले दिन कोलकाता के डांस बाय डांसर गिल्ड और कोलकाता की मौलाली रंगशिल्पी के की ओर से ड्रामा की प्रस्तुति होगी।

भट्टाचार्य ने बताया कि छह मई को विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का आगमन बांग्ला सांस्कृतिक मेले में होगा।

# एनडीएमसी के 4400 कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री ने सौंपा नियमितीकरण का नियुक्ति पत्र

PHOTON NEWS NEW DELHI

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यहां तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के लगभग चार हजार चार सौ कर्मचारियों को नियमितीकरण नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर शाह ने एनडीएमसी की रणजीत सिंह फ्लाईओवर, सफदरजंग फ्लाईओवर के उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण और पुष्प विहार में कर्मचारियों के लिए 120 नवनिर्मित टाइप- क्क फ्लैटों का भी उद्घाटन किया।





गृहमंत्री अमित शाह की फाईल फोटो।

इस मौके पर शाह ने एनडीएमसी के आरएमआर कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम उन सभी कर्मचारियों के भविष्य में रोशनी की एक नई उम्मीद जगाता है, जिन्हें कड़ी मेहनत के बाद भी अब उनके जीवन में लंबी अनिश्चितता के बाद नियुक्ति पत्र मिला है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद कुछ फैसलों के कारण भारतीय लोगों के जीवन में कई अनिश्चितताएं समाप्त हुई हैं और कर्मचारियों का यह नियमितीकरण इसी श्रृंखला का एक हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के हर मंत्रालय और विभाग में कर्मचारियों के लाभ के लिए भर्ती नियमों को युक्तिसंगत बनाने के लिए बड़े कदम उठा रही है। एनडीएमसी आरएमआर कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए गृह मंत्रालय और डीओपीटी ने भर्ती नियमों में संशोधन किया है और यह अन्य कर्मचारियों के भविष्य के लिए भी फायदेमंद है जो आगे भर्ती होंगे।

इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि 4400 कर्मचारियों का नियमितीकरण भारत के प्रधानमंत्री के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के साथ हर हाथ से काम देने के सपने को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि एनडीएमसी को देश के सभी नगर निकायों में सबसे अच्छा नागरिक निकाय माना जाता है, क्योंकि यह केंद्र सरकार की प्रमुख सीट के लिए दैनिक आवश्यक नागरिक सेवाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी निभाती है।

इस मौके पर आज जिन परियोजनाओं का उदघाटन हुआ, उनमें एनडीएमसी के कर्मचारियों के लिए सेक्टर-श्क्क, पुष्प विहार, साकेत, नई दिल्ली में 120 टाइप-क्क फ्लैटों का निर्माण, 43.53 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। इन्हें एनडीएमसी के उन कर्मचारियों को आवंटित किया जाएगा।

कार्यक्रम में संस्कृति और विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, मुख्य सचिव झ्र दिल्ली नरेश कुमार, एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, परिषद सदस्य कुलजीत सिंह चहल, विशाखा शैलानी और एनडीएमसी सचिव डॉ. अंकिता चक्रवर्ती भी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नीतीश ओडिशा और झारखंड का करेंगे दौरा

PHOTON NEWS PATNA

लोकसभा-2024 की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से जोर-आजमाईश कर रहे हैं। इसी कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री भी लगातार विपक्षी एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से नेताओं के साथ मेलजोल बढ़ा रहे हैं। इसकी कड़ी बिहार के सीएम शुक्रवार को ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात करने जा सकते हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात कर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर सकते हैं। इससे पहले नीतीश कुमार दिल्ली में तीन दलों के नेताओं से मुलाकात की थी। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दिल्ली के सीएम केजरीवाल और फिर वाम दलों के नेता सीताराम येचुरी और डी राजा से मुलाकात की थी और 2024 की तैयारी के मद्देनजर रणनीति को पुख्ता किया था।

नीतीश कुमार के झारखंड दौरे से पहले मंगलवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने रांची में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी और कई मुद्दों पर चर्चा की। वैसे जहां-जहां नीतीश जा रहे हैं, ललन सिंह भी उनके साथ रहते हैं। फिर चाहे नीतीश का दिल्ली दौरा रहा हो, या फिर बंगाल और उ.प्र. दौरा। इसके साथ नीतीश कुमार के साथ तेजस्वी यादव भी दौरे पर साथ नजर आते हैं। सीएम नीतीश बंगाल के सीएम ममता बनर्जी और उ.प्र. के पूर्व सीएम अखिलेश यादव से भी मुलाकात की है।

बीते दिनों पत्रकारों से बातचीत में नीतीश ने कहा था कि कर्नाटक चुनाव के बाद कभी भी विपक्षी दलों की बड़ी बैठक पटना में हो सकती है। क्योंकि, ममता बनर्जी ने न ये अपील की थी कि विपक्षी दलों की पहली बैठक वहीं हो जहां से जेपी का आंदोलन शुरू हुआ था।

# पांच से सात मई तक होगा सांसद संस्कृति महोत्सव का आयोजन

## सांसद संस्कृति महोत्सव रांची को देगा एक नया आयाम: संजय सेठ

PHOTON NEWS RANCHI

सांसद संजय सेठ ने कहा कि सांसद संस्कृति महोत्सव रांची को एक नया आयाम देगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इस महोत्सव में रुचि दिखाई है। रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय इस महोत्सव में रांची, हटिया, सिल्ली, खिजरी, ईचागढ़ और कांके विधानसभा क्षेत्र से प्रतिभागी भाग लेंगे।





मीडिया को जानकारी देते संजय सेठ व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

सांसद ने कहा कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम चार स्थानों आर्यभट्ट ऑडिटोरियम रांची यूनिवर्सिटी मोरहाबादी, ऑड्रे हाउस सूचना भवन कांके रोड, मयूरी ऑडिटोरियम सीएमपीडीआई कांके रोड और श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम मोरहाबादी में आयोजित की जायेगी। संस्कृति महोत्सव सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक चलेगी। अभी तक कुल 2500 लोगों ने महोत्सव में भाग लेने के लिए आवेदन दिया है।

सांसद बुधवार को पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। सांसद ने बताया कि यह महोत्सव पांच, छह और सात मई को आयोजित होगा। इस महोत्सव में उद्घाटन में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो मौजूद रहेंगे। दूसरे दिन झारखंड के राज्यपाल, भाजपा के पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कडिया मुंडा की उपस्थिति रहेगी। महोत्सव के समापन के अवसर पर मुख्य रूप से भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, झारखंड सरकार के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि महोत्सव में महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, अनेकता में एकता, गुरु शिष्य परंपरा, स्वतंत्रता सेनानी, वसुधैव कुटुंबकम, तकनीकी नवाचार, प्राकृतिक खेती से जुड़े थीम पर भी प्रतियोगिता होगी। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

पद्मश्री मुकुंद नायक ने इस कार्यक्रम को अनूठा कार्यक्रम बताया और कहा कि यह पहला मौका है जब कला और कलाकारों के प्रति किसी सांसद ने प्रेम दिखाया है, अपनी रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि महोत्सव झारखंड के लिए ऐतिहासिक महोत्सव होगा।

पत्रकार वार्ता में मधु मंसूरी अजय मलकानी और पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर

NEW DELHI : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4 से 6 मई तक ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर, पहाड़पुर और बारीपदा का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार 4 मई को राष्ट्रपति पहाड़पुर में स्किल ट्रेनिंग हब और कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास करेंगी। इसके बाद वह ब्रह्मा कुमारिस सेंटर, हाटबद्रा जाएंगी। यहां वह ब्रह्मा कुमारिस सेंटर के 'व्यसन मुक्त ओडिशा' अभियान की शुरूआत करेंगी। उसी शाम राष्ट्रपति रैरंगपुर स्टेडियम में रैरंगपुर नगर पालिका द्वारा उनके सम्मान में आयोजित किए जाने वाले नागरिक अभिनंदन में भाग लेंगी। इसके बाद 5 मई को राष्ट्रपति पंडित रघुनाथ मुर्मू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। बाद में वह सिमिलिपाल अभयारण्य का दौरा करेंगी।

## BRIEF NEWS

### असम पहुंचे उपराष्ट्रपति का हवाई अड्डे पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

ASAM : डिब्रूगढ़ (असम), 03 मई (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को एक दिवसीय असम और मणिपुर के दौरे पर डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने उनका भव्य स्वागत किया। उप राष्ट्रपति असम के डिब्रूगढ़ में डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। हवाई अड्डे से उप राष्ट्रपति सीधे डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के लिए रवाना हो गये।

### देश में पिछले दस वर्षों में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में तीन गुनी बढ़ोतरी : मनसुख मांडविया

NEW DELHI : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में पिछले दस वर्षों में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ₹मन की बात₹ कार्यक्रम की 99वीं कड़ी में देशवासियों से अंगदान के लिए आगे आने का आह्वान किया था। इससे देश में अंगदान को एक नई गति मिली है। डॉ. मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ देश में अंगदान और प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने को लेकर नीतिगत सुधारों के लिए अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेने के भी निर्देश दिए। डॉ. मांडविया के मुताबिक वर्ष 2016 में 930 मृत दाताओं से 2265 अंगों का उपयोग किया गया, जबकि वर्ष 2022 में 904 मृतक दाताओं से 2765 अंगों का उपयोग किया गया। एनओटीटीओ अस्पतालों में अंगदान और प्रत्यारोपण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका के रूप में एक प्रत्यारोपण मैनुअल पर काम कर रहा है और प्रत्यारोपण समन्वयकों के प्रशिक्षण के लिए एक मानक पाठ्यक्रम पर भी काम कर रहा है। इन दोनों दस्तावेजों को पूरा कर जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

### गोवा के सीएम प्रमोद सावंत पर पटना में परिवाद दायर

PATNA : गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के विवादित बयान से बिहार की सियासत गरमा गयी है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी जेडीयू-राजद ने एक साथ भाजपा और गोवा के सीएम पर हमला बोला है। वहीं अब यह बात कोर्ट तक पहुंच गयी है। उनके बयान को लेकर जदयू नेता मनीष सिंह ने पटना के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के सामने परिवाद दायर किया है। जदयू नेता ने कोर्ट में दिए अपने आवेदन में कहा है कि प्रमोद सावंत का बयान बिहारियों के लिए काफी आपत्तिजनक है और इससे भावना आहत हुई है। जदयू नेता ने आरोप लगाया है कि भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री अपने प्रदेश में दूसरे राज्य के लोगों को रोज अपमानित और प्रताड़ित करते रहते हैं। उन्हें लोकतंत्र और संविधान पर भरोसा नहीं है। भाजपा नेता और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत को बिहार और उत्तरप्रदेश की जनता से माफी मांगनी पड़ेगी। नहीं तो उन्हें कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा था कि राज्य में 90 फीसदी अपराध प्रवासी मजदूर करते हैं। यह बयान उन्होंने 01 मई को लेबर डे के दिन दिया था। प्रमोद सावंत के इस बयान के बाद बिहार की राजनीति काफी गर्म हो गई है।

### राज्य में चल रहे मामलों की जांच के लिए दिल्ली से जा रहे पांच दक्ष अधिकारी

KOLKATA : कलकत्ता हाईकोर्ट में केंद्र सरकार ने बताया है कि पश्चिम बंगाल में जिन मामलों की सीबीआई जांच चल रही है उनमें तेजी लाने के लिए दिल्ली से पांच दक्ष अधिकारी बंगाल जा रहे हैं। केंद्र के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक कुमार चक्रवर्ती ने कहा कि राज्य में शिक्षक नियुक्ति समेत कई अन्य महत्वपूर्ण मामलों की जांच केंद्रीय एजेंसी के जिम्मे है। मामलों की जांच में तेजी आए यह केंद्रीय एजेंसी की प्राथमिकता है इसीलिए दक्ष अधिकारियों को दिल्ली से बुलाया जा रहा है। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की पीठ में जब अशोक चक्रवर्ती ने यह बात कही तो जस्टिस ने कहा कि बार-बार सीबीआई को जांच सौंपना अच्छा नहीं लगता लेकिन मामले ऐसे होते हैं जिन्हें सीबीआई को सौंपे जाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचता। उन्होंने यह भी कहा कि हम जानते हैं कि केंद्रीय एजेंसी के पास इतने अधिकारियों की कमी है जो इतने सारे मामलों की जांच कर सके( इसके अलावा कांथी नगरपालिका के टेंडर में भ्रष्टाचार को लेकर शुभेंदु अधिकारी के भाई सौमेंदु मामले में गवाह शांतनु और काकोली पांडा को धमकी देने का मामला सामने आया है। इसे लेकर पुलिस की भूमिका पर असंतोष जाहिर करते हुए कोर्ट ने कहा कि पुलिस का बर्ताव निश्चित तौर पर आपत्तिजनक है।

### एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर हुए विश्रामपुर के पूर्व विधायक

PALAMU : एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सतीश कुमार मुंडा की कोर्ट में बुधवार को विश्रामपुर के पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे हाजिर हुए। लंबित मुकदमे में उनके बयान दर्ज किये गये। इस मामले में 2 जुलाई 2015 को सहायक अवर निरीक्षक, काशीनाथ तिवारी, गोपनीय प्रबंधक, पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

### पलामू में संदिग्ध हालात में भाजपा के स्थानीय नेता की मौत, होगी जांच

PALAMU : जिले में मंगलवार की देर रात पांकी मेदिनीनगर मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेता की मौत हो गई। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से 45 किलोमीटर दूर पांकी थाना क्षेत्र के डंडारकला गांव में मुख्य सड़क किनारे भाजपा के पूर्व पांकी मंडल उपाध्यक्ष सह एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रहे राम नरेश राम का शव मिला। घटनास्थल से उनकी स्कूटी गायब थी। ऐसे में हालात संदिग्ध बताए जा रहे हैं। पलामू के भाजपा अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने बुधवार को कहा कि इस मौत की जांच होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कहीं हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिया गया होगा। साथ ही कहा कि भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिले के एसपी से मिलेगा। बताया जाता है कि भाजपा नेता राम नरेश राम (58) पांकी के बचदोहर गांव में विनोद शर्मा के घर वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेकर वापस गांव मंगलपुर आ रहे थे। तभी घटना हुई। रामनरेश राम पलामू और लातेहार जिले में चलने वाले एकल विद्यालय के प्रभारी भी थे। इस बारे में लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) आलोक कुमार टूट्टी ने बताया कि यह मामला संदिग्ध है और इसकी जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय भेजा गया है और इसकी रिपोर्ट का इंतजार है।

### बासुकीनाथ में श्रावणी मेला को लेकर एसडीएम ने की बैठक

DUMKA : तीर्थ नगरी बासुकीनाथ में श्रावणी मेला के आयोजन को लेकर बुधवार को मंदिर के प्रशासनिक भवन में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कौशल कुमार ने की। बैठक में पंडा पुरोहित और स्थानीय अधिकारियों संग श्रावणी मेला को सफल बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा की गई। इसमें मुख्य रुप से मेला क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने पार्किंग के लिए जगह चिन्हित करने, बैरिकेडिंग स्थल का चयन कर नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मंदिर की आंतरिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर बिंदुवार चर्चा की गई। इसके तहत मंदिर परिसर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने दुकान लगाने के तरीके एवं मंदिर प्रवेश पास को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद ने मंदिर में चढ़ावे की राशि की फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वीवीआइपी के आगमन पर भोजन अल्पाहार आदि की व्यवस्था मुकम्मल तौर पर बंद होनी चाहिए। उधर चंद्रकूप के घटते जल स्तर को पर पंडा धर्म रक्षिणी सभा ने गंभीर चिंता जताई। महामंत्री संजय झा ने चंद्रकूप में बोरिंग के माध्यम से जल भरने का प्रस्ताव रखा।

BRIEF NEWS

## पूर्व सीएम के जन्म दिन पर बच्चों के बीच बांटी टॉफी एवं बिस्कुट

**RANCHI :** छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं रघुवर दास जी के जन्मदिन के अवसर पर कोकर में कुमारी पूनम, चुटिया मं ज्योति सिंह, पिस्कामोड़ में ब्रजेश कुमार भारती, इंद्रपुरी मे अशोक कुमार राणा की ओर से बच्चों के बीच आइसक्रीम, टॉफी एवं बिस्कुट वितरण कर खुशियां मनाई गई। इसके पूर्व क्लब के वरीय संरक्षक संजीव कुमार साहू, हरिनाथ साहू, राज वर्मा, महेश चंद्रा, शिव किशोर शर्मा, कुमारी ऋतुराज वर्षा सहित क्लब के लोगों ने दोनो पूर्व मुख्यमंत्री के लंबी उम्र,स्वास्थ्य लाभ एवं सुखमय जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संजीव कुमार साहू ने लोगों को दोनो पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र मे किए गए सराहनीय कार्य को बतलाया।भक्तिमय संगीत के साथ कार्यक्रम की समापन हुई।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले के चार आरोपी गिरफ्तार

**RANCHI :** सिकिदिरी थाना क्षेत्र स्थित कुच्चू गांव में नाबालिग के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने चार आरोपित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में मुशर्रफ अंसारी, फिरोज अंसारी मेराज अंसारी और शंभू मुंडा शामिल है। सभी आरोपित सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुच्चू गांव के रहनेवाले है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दो मई को कुच्चू गांव से मंडा मेला देख कर नाबालिग अपने रिश्तेदार के साथ गांव जा रही थी। इसी दौरान भूकभुकिया के टांड के पास मेला से ही पीछा कर रहे चार युवक ने नाबालिग को घेर कर पकड़ लिया और इसके रिश्तेदार को डरा डरा धमका कर भगा दिया। इसके बाद चारों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में चारों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

## इनरव्हील क्लब ने महिला मजदूरों को किया सम्मानित

**RANCHI :** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट 325 ने मजदूर दिवस के अवसर पर क्लब की अध्यक्ष नम्रता कुमार के नेतृत्व में महिला मजदूरों को क्लब की सदस्य संगीता सिन्हा के घर के प्रांगण में आमंत्रित कर उन्हे टिफिन बाक्स, थैला एवं छाता वितरित किया। इस कार्यक्रम के पश्चात इनरव्हील क्लब क्षितिज की अध्यक्ष कविता तिवारी एवं पिंकी पाल के सहयोग से धुर्वा बस्ती की महिला मजदूरों को पोस्ट आफिस की लघु बचत की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अंत में मजदूरों को भोजन उपरांत उपहार प्रदान कर सम्मान के साथ विदा किया गया। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष माला श्रीवास्तव, सचिव सुप्रीता लाल, नीता शेखर,अर्चना त्रिवेदी, सुषमा सिन्हा, नुपुर शशांक, अनिता जायसवाल, शालिनी सिन्हा, मीना सहाय, सुषमा पांडेय, निशी श्रीवास्तव, प्रिया राय, सोनल श्रीवास्तव, रागिनी सिंह एवं अनुपमा चौधरी शामिल हुई। इस अवसर पर काफी संख्या में महिला मजदूर उपस्थित थीं। उन्होंने क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# संवैधानिक पदों पर नियुक्ति नहीं होने को लेकर हाईकोर्ट ने जतायी चिंता

**PHOTON NEWS RANCHI**



सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने झारखंड विधानसभा सचिव को निर्देश दिया कि वे विधानसभा स्पीकर के समक्ष एंटी डिफेक्शन (दलबदल) के लंबित मामले की बात को रखें। जिससे दलबदल मामला 1 सप्ताह में निष्पादित हो सके। अन्यथा अगली सुनवाई में विधानसभा सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होना होगा। कोर्ट ने नाराजगी जताई कि प्रतिपक्ष के नेता के नहीं रहने के कारण कई वैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति नहीं हो पा रही है। दल बदल का मामला विधानसभा स्पीकर के न्यायाधिकरण में अभी तक लंबित पड़ा हुआ है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 मई निर्धारित की है।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव को मामले में प्रतिवादी बनाया था। खंडपीठ ने पिछली सुनवाई में विधानसभा में विपक्ष के नेता के रिक्त पद के संबंध में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि इस पद को लेकर विधानसभा स्पीकर द्वारा डिसक्वालीफिकेशन (बाबूलाल मरांडी) के इश्यू को क्यों नहीं डिसाइड किया जा रहा है?

राजकुमार की अवमानना याचिका में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विपक्ष के नेता के पद के रिक्त रहने से कोई समस्या नहीं है। कानून में ऐसा प्रावधान है कि अगर विपक्ष के नेता नहीं है तो विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को कमेटी में रखकर राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त एवं अन्य पदों नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2020 में हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है। बता दें कि राजकुमार की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2020 में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति कर लेने का अंडरटेकिंग दिया था लेकिन अब तक सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है। वही राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों की नियुक्ति एवं झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से भी जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें पूर्व की सुनवाई में अधिवक्ता नवीन कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि करीब 4 वर्षों से राज्य बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त आदि संवैधानिक संस्थाओं में पदों के रिक्त रहने से किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है। सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया था लेकिन कुछ अब तक सूचना आयोग में कोई नियुक्ति नहीं हो पाई है।

## तुपुदाना में घर का ताला तोड़कर 80 हजार की चोरी

**PHOTON NEWS RANCHI**

तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हरदास परसा टोली निवासी रंजीत सिंह के घर का ताला तोड़कर बक्सा में रखे 80 हजार रुपैया की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में रंजीत सिंह ने तुपुदाना ओपी में लिखित आवेदन दिया है। अपने लिखित आवेदन में उन्होंने लिखा है, कि मैं अपने काम से घर से गया था वही पत्नी भी घर का ताला बंद कर कहीं गई थी। शाम में जब पत्नी लौटी तो देखी की दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर देखी बक्सा का ताला टूटा हुआ है। और बक्सा में रखें 80 हजार रुपए नगद अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। घर आने पर पत्नी ने बताया कि घर में चोरी हो गई है । रंजीत ने बताया कि पैसा बैंक से और अपने रिश्तेदारों से मांग कर रखे थे, की एक पुरानी फोर व्हीलर गाड़ी खरीदना था, उसको पैसा भी देना था । पुलिस को दिए अपने आवेदन में गैस गोदाम स्थित सीसी कैमरा में कैद गांव के ही युवक सूरज के ऊपर चोरी की शंका जताई है । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## देवघर एम्स को लेकर सुनवाई

**PHOTON NEWS RANCHI**

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को देवघर, एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में देवघर एम्स की ओर से जवाब दाखिल किया गया। इसमें कहा गया है कि देवघर एम्स में बुनियादी सुविधाओं के लिए कई बार राज्य सरकार को पत्र लिखा है लेकिन सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। राज्य सरकार ने जिन सुविधाओं की मांग की गई है उनमें इलेक्ट्रिक सबस्टेशन, अप्रोचिंग रोड, फ्लाईओवर बनाने और आवश्यकतानुसार पानी की व्यवस्था शामिल है। मामले में राज्य सरकार ने देवघर एम्स के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने के लिए कोर्ट से समय की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को होगी। कोर्ट ने मामले में देवघर एम्स के निदेशक को प्रतिवादी बनाया था। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि देवघर, एम्स में आवश्यक बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उनको किन-किन चीजों की आवश्यकता पड़ेगी, इसकी जानकारी दें।

## बिना नोटिस हाई कोर्ट में हाजिर हुई तुपुदाना ओपी प्रभारी

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में बुधवार को तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा कुमारी हाई कोर्ट में बिना व्यक्तिगत नोटिस मिले हाजिर हो गईं। एक मामले में वो वकील के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हो गईं। इसपर आश्चर्य जाहिर करते हुए कोर्ट ने कहा कि स्वतः कोर्ट के समक्ष हाजिर होना यह दिखाता है कि मामले में कुछ गड़बड़ी है। अदालत अब इस मामले में 19 जून को सुनवाई करेगी।

रांची के रहने वाले विकास कुमार सिन्हा ने झारखंड हाई कोर्ट में एक क्रिमिनल रिट दाखिल की है। इसमें यह कहा गया है कि तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा कुमारी ने उन्हें गैरकानूनी ढंग से हिरासत में रखा और इस दौरान उनके साथ मारपीट भी की।

याचिकाकर्ता विकास कुमार सिन्हा के अधिवक्ता अभय मिश्रा ने बहस की। उन्होंने बहस में अदालत को बताया कि पूरे प्रकरण के बाद डीजीपी ने एक कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने पूरे मामले की जांच की लेकिन जांच में क्या तथ्य आए इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

# बिहार आई बैंक ट्रस्ट को और प्रभावी बनाने की दिशा में समर्पित होकर कार्य करें: राज्यपाल

**PHOTON NEWS RANCHI**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन में बिहार आई बैंक ट्रस्ट की बैठक हुई। राज्यपाल ने बिहार आई बैंक ट्रस्ट के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसे और प्रभावी बनाने की दिशा में समर्पित होकर कार्य करें।

उन्होंने कहा कि ट्रस्ट आम जनमानस के हित में पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करें ताकि यह आई बैंक अपने कार्यों से गरीबों के लिए वरदान सिद्ध हों। उन्होंने कहा कि इस आई बैंक के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे, इसके लिए सभी ट्रस्टी समर्पित रहें। राज्यपाल ने सभी ट्रस्टी से कहा कि वे विजन के साथ कार्य कर मानव-कल्याण और परोपकार की दिशा में अन्य के लिए प्रेरणा का कार्य करें।



राजभवन में बिहार आई बैंक ट्रस्ट की बैठक करते राज्यपाल

बैठक में विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, प्रधान सचिव, वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, बिहार आई बैंक ट्रस्ट की सचिव डॉ प्रोन्नति सिन्हा सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गौ परिक्रमा मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न

### श्री गोपाल प्रभु के जयकारे के साथ मंदिर का पट खुला

**PHOTON NEWS RANCHI**

गौ माता सेवा समिति रांची के द्वारा रांची गौशाला न्यास के सानिध्य में सुकरहुटू कांके गौशाला मे नवनिर्मित गो परिक्रमा मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न हुआ। श्री गोपाल प्रभु मंदिर मे 5 दिनों तक चली धार्मिक अनुष्ठान आचार्य शंकर लाल शास्त्री के द्वारा 11 पुरोहितों के संग पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। आज भगवान श्री गोपाल प्रभु का अलौकिक श्रृंगार, अभिषेक, वस्त्र पूजन छप्पन भोग प्रसाद लगाया गया। मंदिर परिसर में लक्ष्मी स्वरूप गौ माता का पूजा-अर्चना किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मंदिर का पट खुलते ही गौ



गौ माता की सेवा करते श्रद्धालु

माता की जय कारा एवं श्री कृष्ण के नारों से पूरा माहौल गुंजायमान हो गया। पूरा मंदिर परिसर मधुर भजनों से भक्तिमय, यशमय सुखमय,का वातावरण हो गया। फूलों की वर्षा की गई। श्री कृष्ण गौ माता के साथ विराजमान हुए। पूरा मंदिर का नयनाभिराम अलौकिक श्रृंगार किया गया। सामूहिक रूप से महाआरती हुआ एवं प्रसाद वितरण के साथ प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न हुआ। गौरक्षा गौ कल्याण भक्तों की रक्षा एवं कल्याण के लिए इससे प्राण प्रतिष्ठा अमृत बेला में बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए। एवं भगवत कृपा पात्र होने का सौभाग्य प्राप्त किए। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम में समिति के संरक्षक राजकुमार गाड़ोदिया, अध्यक्ष प्रमोद बजाज, सचिव मुकेश पोद्दार, प्रदीप राजगढ़िया, सुरेश जैन, प्रकाश काबरा, ओम छावनिका, दीपक सरावगी, संजय सर्राफ, विजय सुरेखा, सुरेंद्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, अमर मोदी, सुरेश गोयनका, दिलीप जालान, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाड़िया, ललित पोद्दार, राजेंद्र अग्रवाल,पवन शर्मा, अरुण बुधिया, मुकेश काबरा, नवीन बेरेलिया, विष्णु सोनी आदि उपस्थित थे।

## हाई कोर्ट में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले की सुनवाई

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में गठित तीन सदस्य कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। इसमें कहा गया कि अवैध माइनिंग इन तीनों जिलों में हो रही थी। मामले में राज्य सरकार को तीन सदस्य कमेटी की अपडेट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 17 मई निर्धारित की है।

पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने संशोधित आदेश पारित करते हुए पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग एवं मिनिरल की लीज प्राप्त कंपनियों द्वारा की जा रही वैध माइनिंग पर से रोक हटा ली थी। साथ ही कहा था कि लीगल माइनिंग करने वाली कंपनियों पर खनन एवं उसके परिवहन को लेकर हाई कोर्ट का रोक का आदेश प्रभावित नहीं होगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को अवैध माइनिंग पर रोक लगाए रखने का निर्देश दिया है।

यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपये की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था।

## तुपुदाना में बोलेरो की चोरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** तुपुदाना ओपी क्षेत्र में स्कूटी बाइक की चोरी के साथ-साथ अब फोर व्हीलर वाहनों की चोरी लगातार बढ़ती जा रही है। दर्जनों फोर व्हीलर वाहनों की चोरी के बाद भी एक भी वाहन पुलिस बरामद नहीं कर पाई है, और ना ही चोरी की घटनाओं का उद्भेदन। मंगलवार को तुपुदाना चौक स्थित रामसखी टावर के पार्किंग एरिया में खड़े बोलेरो की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में बोलेरो के मालिक ने तुपुदाना ओपी में अपने लिखित आवेदन दिया है।में लिखा है, कि मंगलवार की शाम 5 बजे के लगभग मेरा बोलेरो वाहन जे एच 05 डब्लू 37 22 अपार्टमेंट के सामने बाउंड्री वाल कैंपस में पार्किंग एरिया में खड़ा था एक व्यक्ति स्कूटी जे एच 01 ए आर 5702 में आया और अपना स्कूटी लगाकर पार्किंग एरिया में लगी बोलेरो को लेकर भाग गया।

## फर्जी एफआईआर दर्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर मामला दर्ज

**PHOTON NEWS RANCHI**

फर्जी एफआईआर करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मानवाधिकार आयोग ने मामला दर्ज किया है। यह मामला हजारीबाग जिला के बड़कागांव का है। जहां एनटीपीसी के इशारे पर पुलिस पदाधिकारियों द्वारा आम लोगों पर फर्जी मामला दर्ज किए जाने की पुष्टि और कोर्ट द्वारा रिहा किए जाने के बाद मामला दर्ज हुआ है। पुलिस अधिकारियों और एनटीपीसी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मंटू सोनी की शिकायत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामला दर्ज कर लिया है। इसके पूर्व एक और फर्जी एफआईआर किए जाने की पुष्टि के बाद हजारीबाग एसडीजीएम शिवानी शर्मा की अदालत ने तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी कुमुद झा, सब इंस्पेक्टर रामदयाल मुंडा, अकील अहमद, एनटीपीसी के टी गोपाल कृष्ण सहित अन्य पर कॉग्निजेंस लिया था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को यह कहा गया है कि एनटीपीसी के अवैध कार्यों को संरक्षण देने के लिए जिला-प्रशासन के अधिकारियों को प्रभाव में लेकर उनसे विरोध करने वाले लोगों को फर्जी मुकदमा-दबाव-धमकी जैसे अनैतिक कार्यों में उपयोग किया जाता है। आयोग में शिकायतकर्ता मंटू सोनी की शिकायत में कहा गया था कि एनटीपीसी(त्रिवेणी-सैनिक माईनिंग प्राइवेट लिमिटेड) से अनैतिक लाभ प्राप्त कर पुलिस अधिकारियों ने एनटीपीसी के विरोध को दबाने के लिए पद का दुरुपयोग किया। साथ ही षड्यंत्र रचकर फर्जी सबूत की इकट्ठा कर फर्जी मामला दर्ज किया था।

### इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में लोगों ने की मस्ती, उमड़ रही भीड़

# शहरवासियों ने की विभिन्न वस्तुओं की जमकर खरीदारी

**PHOTON NEWS RANCHI**

**रांची :** रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में बुधवार को भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में एक ही प्लेटफार्म के नीचे हर आयुवर्ग के लिए उत्पाद उपलब्ध होने के चलते शहरवासी विविध प्रकार की स्टाल में मनपसंद की चीजें खरीदने में मशगूल रहे। साथ ही मनोरंजन का भी लुत्फ उठाया।

मेले में गृहणियां घरेलू सामान एवं आर्टिफिशियल ज्वैलरी खरीदने में मशगूल नजर आईं। फेयर में गारमेंटस, पंजाबी और राजस्थानी जूती, क्राकरी तथा घर की साज सजावट के सामान के स्टाल पर खूब रौनक रही। बच्चों के खिलौने, पठन पठान की सामग्री भी बिक रहा है।



मेले में लगे स्टॉल व खरीदारी करते लोग।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि फेयर में लोगों का खरीदारी के प्रति रुझान बढ़ रहा है। ट्रेड फेयर में घरेलू सामान की खूब खरीदारी हो रही है। मौसम का भी साथ मिल रहा है। बेहतरीन मौसम होने के कारण फेयर में खरीदारी करने वालों की भीड़ आ रही है। यह उत्साहवर्धक है। स्टॉल धारक भी बिक्री से खुश नजर आ रहे हैं। तीन हजार रुपये की खरीदारी पर निश्चित उपहार का लाभ लोग उठा रहे हैं।

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव भी ट्रेड फेयर पहुंचे। उन्होंने विभिन्न स्टाल में लगे उत्पादों को देखा। साथ ही बाहर से आये स्टालधारकों से बातचीत की। उन्होंने झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के प्रयासों की सरहाना करते हुए कहा कि ट्रेड फेयर से लोगों को नये उत्पादों को देखने और खरीदने का मौका मिलता है। मंत्री के आगमन पर उनका स्वागत चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल के अलावा सोनी मेहता, राम बांगड़ सहित अन्य लोगों ने किया।

BRIEF NEWS

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर जिला जज ने बैंक प्रबंधकों के साथ की बैठक

**LOHARDAGA :** व्यवहार न्यायालय लोहरदगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 13 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में विभिन्न बैंक अधिकारियों के साथ बैठक हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने सभी बैंक के अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में वादों के निष्पादन के दिशा में प्रयास करने की बात कही, ताकि अधिक से अधिक संख्या में आम लोग राष्ट्रीय लोक अदालत से लाभान्वित हो सके। बैठक में बैंक से संबंधित अधिकारियों ने कहा कि अब तक डालसा के सहयोग से 1000 से ज्यादा नोटिस पक्षकारों को निर्गत किए जा चुके हैं।

### स्कूटी के असंतुलित होकर गिरने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**GUMLA :** शहर के जशपुर रोड स्थित काली मंदिर गुमला के समीप स्कूटी से असंतुलित होकर गिरने से शांति नगर निवासी दो भाइयों में राजू साहु(35) की मौत हो गई वही । वहीं दूसरा भाई अजय साहु(42) गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि शांति नगर निवासी दोनों भाई सिलम से अपने रिश्तेदार से मिल कर मंगलवार रात करीब 11 बजे अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान काली मंदिर के समीप स्कूटी अनियंत्रित हो गयी और दोनों भाई सड़क पर गिर गए ।आनन फानन में परिजन इलाज के लिए दोनों को सदर अस्पताल गुमला लाया, जहां एक को चिकित्सक ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। दूसरे को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक

**RAMGARH :** बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्री कृपाल लक्षप के द्वारा उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत कुल 254 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनपर समीक्षा उपरांत सर्वसम्मति से उपायुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में शिविर आयोजित कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को दिया।

### विश्व ब्राह्मण प्रतिनिधिमंडल ने की शिबू सोरेन से मुलाकात

**RAMGARH :** विश्व ब्राह्मण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झारखंड सरकार व मुख्य मंत्री से पिछड़े व आर्थिक रूप से कमजोर ब्राह्मणों के कल्याण के लिए ब्राह्मण कल्याण कारपोरेशन/आयोग बनाने की मांग एक संवादाता सम्मेलन में की है। केसी पांडेय रामगढ़ में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव में भाग लेने आये थे। पांडेय ने बताया की पूजापाठी व कर्मकाण्डी ब्राह्मण आज जीवन यापन के लिये संघर्ष कर रहे हैं। कोविड महामारी के दौरान इस ब्राह्मण वर्ग को आर्थिक रूप से कठिन दौर से गुजरना पड़ा क्योकि शुभ कार्य व देश के सारे मंदिर बंद हो गये थे। उन्होंने बताया कि विषय की गंभीरता को देखते हुवे 8 राज्यों मैं ब्राह्मण कल्याण कारपोरेशन/आयोग का गठन हो चुका है। इसी क्रम में विश्व ब्राह्मण संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य सभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से मिला और उनसे झारखंड में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड बनाने के लिए आग्रह किया। श्री सोरेन ने आश्वासन दिया ओर कहा कि विश्व ब्राह्मण संघ की मांग जायज है। जल्द ही सरकार को ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल मैं मुख्य रूप से विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजीव पांडेय, झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा, नवीन पाठक संरक्षक, विजय पांडे इत्यादि लोग थे।

# JHARKHAND में बेटी की शादी कर लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार, माता-पिता सहित चार की मौत

**PHOTON NEWS GUMLA**

झारखंड के गुमला जिले में डुमरी थाना क्षेत्र के जरडा गांव के पास मंगलवार देर रात बेटी की शादी कर लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में माता-पिता समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि 29 अन्य घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक सभी लोग डुमरी के सारंगडीह से बेटी की शादी करके पिकअप वैन से कटारी लौट रहे थे। वैन में 55 लोग सवार थे। जरडा गांव के पास पिकअप वैन अनियंत्रित होकर तीन बार पलट गई। मृतकों में दुल्हन की मां बिरंती देवी (45), पिता सुंदर दयाल (50), एरनिस किंडो (62) और सविता नागेसिया (47) हैं।

जानकारी के अनुसार डुमरी थाना क्षेत्र के कटारी गांव से मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे लड़की की शादी करने के लिए जारी थाना क्षेत्र के



सहायता के इंतजार में घायल व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

सारंगाडीह गांव गए हुए थे। शादी होने के बाद करीबन 8:30 बजे रात को वहां से निकले। करीब दस बजे जरडा ग्राम के समीप पिकअप गाड़ी का चालक अपना संतुलन खो दिया और गाड़ी गड्ढे में जा गिरा। करीबन तीन बार गाड़ी पलटी खाई। इसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि एक की इलाज के क्रम में मौत हो गई। घायलों को सिर, चेहरा, पैर, हाथों में चोट लगी है।

घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद जारी थानेदार मनीष कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और सभी घायलों को एक बस से डुमरी अस्पताल लेकर आए, जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। नौ घायलों को गुमला रेफर किया गया, जहां से डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देखते हुए तीन को रांची रिम्स रेफर कर दिया।

दुर्घटना में घायलों के प्रति उपायुक्त सुशांत गौरव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के बेहतर उपचार के लिए गुमला सदर अस्पताल को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही मृतकों के परिजनों को नियमानुसार सभी सरकारी लाभ यथाशीघ्र देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि गुमला के डुमरी में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत की खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति दें। साथ ही कहा कि हादसे में घायल लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कार्रवाई जा रही है।

## झारखंड के साहेबगंज में रुबिका हत्याकांड जैसी वारदात, जंगल में मिले महिला के कटे अंग

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ**

जिले के बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत चटकी गांव के जंगल से बुधवार को खोपड़ी और मानव शरीर के चार टुकड़े मिले हैं। पुलिस ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान चला रखा है और शरीर के दूसरे टुकड़ों की तलाश कर रही है।

पुलिस को आज सूचना मिली कि चटकी जंगल में इंसानी शरीर के कुछ टुकड़े पड़े हैं। इनमें एक खोपड़ी भी है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने यहां से शरीर के कुछ टुकड़ों के साथ खून से सनी नाइटी, चप्पल, बाल और बाइक की चाबी बरामद किया। ग्रामीणों ने कपड़ों से आंगनबाड़ी सेविका मालोती सोरेन के रूप में पहचान की। वह बोरियो प्रखंड के बांझी चटकी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका थी और 27 अप्रैल से लापता थी।

तीन दिन पहले आंगनबाड़ी सेविका की मां संजलि टुडू ने बेटी की लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी जगन्नाथ पान ने महिला के पति और परिजनों से पूछताछ की थी। हालांकि, उसका कोई पता नहीं चला।

उल्लेखनीय है कि मालोती बोरियो संताली गांव की रहने वाली थी। उसकी शादी 2007 में बांझी चटकी गांव के प्रधान के पुत्र तलु किस्कू से हुई थी। उसके तीन बच्चे रोबेन किस्कू, सलखु किस्कू व पूजा किस्कू हैं। मालोती की बहन रानी सोरेन ने बताया कि उसकी बहन ससुराल चटकी गांव जाना नहीं चाहती थी। उसके जीजा तालु किस्कू उसे जबरन घर लेकर चला गया। जीजा ने 19 अप्रैल को गम्हरिया की दूसरी लड़की से शादी कर ली और उसे घर ले आया।

रानी सोरेन ने बताया कि उसकी बहन से 27 अप्रैल की रात दो बजे बात हुई थी। इसके बाद से बातचीत बंद हो गई। वह बहन के घर चटकी गई थी लेकिन उसे धमका कर भगा दिया गया। शक होने पर वह मां के साथ थाने पहुंची और मामले की जानकारी दी। परिजनों का आरोप है कि महिला के पति ने ही हत्या कर शव को जंगल में टुकड़ों में करके फेंक दिया है। पुलिस प्राथमिक दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

उल्लेखनीय है कि साहिबगंज में 17 दिसंबर, 2022 को रुबिका पहाड़िन के शव के 18 से अधिक टुकड़े बरामद हुए थे।

# KODARMA में कंटेनर से टकराई कार, एक की मौत, आठ लोग घायल

**PHOTON NEWS KODARMA**

चंदवारा में बुधवार सुबह कंटेनर से कार की टक्कर में एक बच्चे की मौत हो गयी। वहीं आठ लोग घायल हो गए। चंदवारा थाना के पुलिस लाइन के समीप करीब 9 बजे कार के आगे चल रहे कंटेनर वाहन में जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार पर सवार एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं तीन महिला और चार पुरुष और एक 5 वर्षीय बालक घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार कार पर सवार सभी लोग झारखंड धाम से एक शादी समारोह से कांको पिंडारो लौट रहे थे। इसी दौरान कार दुर्घटना की शिकार



अस्पताल में इलाजरत घायल इनसेट में क्षतिग्रस्त कार। ● द फोटोन न्यूज

हो गई। कंटेनर वाहन में टक्कर के बाद मौके से चालक कंटेनर वाहन को लेकर फरार हो गया, जिसे पुलिस के सहयोग से बरही में पकड़ा गया। दुर्घटना में मृत बच्चे की पहचान बोकारो निवासी शिव कुमार गोस्वामी के पुत्र आदर्श कुमार गोस्वामी (10) के रूप में हुई है। वहीं घायल बासुदेव गिरी (39), बिजला देवी (34), प्रतिमा देवी (32), आरती देवी (30), विनोद भारती (36), शिव कुमार भारती (35), शिबू गोस्वामी (36, धनबाद) और शिवांश कुमार (5) को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# डायन बिसाही के शक में वृद्ध दंपति की पीट-पीटकर हत्या

**PHOTON NEWS LATEHAR**

जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसला गांव में डायन बिसाही के शक में वृद्ध पति-पत्नी की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार की रात की है।

मृतकों में सिबल गंझु (75) और उसकी पत्नी बुधनी देवी (70) हैं। बुधवार को मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गांव पहुंचकर शवों को कब्जे में ले लिया है। इस मामले में गांव के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार ग्रामीणों को शक था कि दोनों पति-पत्नी डायन बिसाही के माध्यम से ग्रामीणों को परेशान करते हैं। कुछ दिन पूर्व सरहुल के दिन भी गांव में सभा



ग्रामीणों से पूछताछ करती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

बैठाई गई थी, जिसमें दोनों पति-पत्नी को डायन और ओझा करार दिया गया था। मंगलवार की रात भी गांव में एक पंचायत बैठाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से दोनों पति-पत्नी को लाठी डंडे से पीटने का फरमान जारी किया गया।

इसके बाद कुछ ग्रामीणों ने दोनों पति-पत्नी को बेरहमी से पीटा, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद मामले की जानकारी किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं देने की बात कही गई लेकिन पुलिस को बुधवार को इसकी भनक मिल गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल कुछ ग्रामीणों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# स्कूल वैन में लगी आग, बच्चे सुरक्षित

**PHOTON NEWS PALAMU**

चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा वन पहाड़ी के पास एक स्कूल वैन में बुधवार की दोपहर आग लग गई। वैन पूरी तरह जल गई। घटना के वक्त वैन में दस बच्चे थे। आग लगने से पहले इंजन से धुंआ निकलता देख चालक ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आसपास आबादी और पानी का प्रबंधन नहीं रहने के कारण गाड़ी को जलने से बचा नहीं जा सका।

बताया जाता है कि स्कूल वैन लोहरसिमी स्थित एमएस पब्लिक स्कूल की थी। बच्चे स्कूल में छुट्टी के बाद घर जा रहे थे। वैन को गोरेबलहिया तक जाना था। इस बीच इंजन में खराबी आ गई और यह हादसा हुआ।



जली हुई स्कूल वैन। ● द फोटोन न्यूज

चैनपुर के थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि स्कूल वैन में आग लगने की सूचना पर पुलिस फोर्स भेजकर जांच की गई। घटना सेमरा वन पहाड़ी के समीप हुई। इंजन में खराबी के बाद आग लगी थी। इंजन से धुंआ निकलता देख चालक ने वैन में सवार बच्चों को सुरक्षित निकाला। हालांकि, चालक और बच्चों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। आसपास आबादी और पानी का प्रबंधन नहीं था। इसलिए गाड़ी को जलने से बचाया नहीं जा सका। उन्होंने बताया कि गाड़ी मालिक या चालक की लिखित शिकायत मिलने पर सनहा दर्ज किया जायेगा।

जिला समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा, कहा–

# समन्वय बनाकर विकास योजनाओं का प्राप्त करें लक्ष्य

**PHOTON NEWS KHUNTI**

उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला समन्वय समिति(विकास) की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कृषि, आपूर्ति, नगर पंचायत आदि विभाग से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यरत योजनाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

उपायुक्त ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया तथा आ रही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिले में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें।

डीसी ने सभी अधिकारी व कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जिला स्तर पर 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्र - छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जाए। उपायुक्त ने कृषि



अधिकारियों संग बैठक करते उपायुक्त शशि रंजन। ● द फोटोन न्यूज

विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के क्रम में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, सूखा राहत योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जिले में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देना जरूरी है। खूंटी जिले में किसानों को मडुवा की खेती के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रखंड स्तर पर मिलेट्स को लेकर जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएं। इसमें किसानों को इसकी खेती की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाय। बैठक में उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की गयी। इसके अलावा उपायुक्त ने जिले में अवस्थित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की समीक्षा की।

## जिले की सीमा पर बना Latratu जलाशय विडंबनाओं से घिरा रहा

# कुछ किसानों के लिए वरदान बना, तो जमीन देकर पछता रहे हैं कई किसान

**PHOTON NEWS KHUNTI**

खूंटी और रांची जिले की सीमा पर बना लतरातू जलाशय एक ओर जहां कुछ किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है, तो दूसरी ओर अपने निर्माण काल से लेकर अब तक हजारों किसानों कों लतरातू डैम से एक बूंद पानी नहीं मिला है। उन्हें लगता है कि उन्होंने नहर के लिए जमीन देकर बड़ी गलती कर दी।

लतरातू जलाशय से निकलने वाली दोनों नहरें उस क्षेत्र के रहने वाले दर्जनों गांव के लोगों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो रही हैं। 41 किलोमीटर लंबी इस नहर से लगभग 13000 एकड़ खेत की सिंचाई होती है। बायीं और दायीं



सूखा पड़ा लतरातू जलाशय। ● द फोटोन न्यूज

दोनों मुख्य नहरों से लघु नहर डिस्ट्रब्यूट्री और आउटलेट द्वारा पानी खेतों तक सिंचाई के लिए पहुंचाया जाता है। यहां के किसान नहर से मिलने वाले पानी से साल में दो बार धान की खेती कर लेते हैं। इसके साथ ही भिंडी, लौकी, तरबूज, टमाटर, झींगा सहित अन्य सब्जियों की खेती भी किसान बड़ी मात्रा में करते हैं। दर्जनों गांवों के हजारों किसान लतरातू डैम के पानी से सालों पर खेती करते हैं। जिन क्षेत्रों से लतरातू डैम की नहर गुजरती है, वहां इन दिनों गरमा धान की खेती लहलहा रही है। किसान कहते हैं कि लतरातू डैम सही मायने में उनके लिए वरदान है।

इसके विपरीत कर्रा प्रखंड के दर्जनों गांवों में लतरातू जलाशय से सिंचाई के लिए जलापूर्ति करने के उद्देश्य से कई किलोमीटार लंबी नहर बना दी गई है, लेकिन पिछले 30-35 वर्षों से एक बार भी नहर में पानी नहीं छोड़ गया। किसान नहर के लिए जमीन देकर पछता रहे हैं। कर्रा प्रखंड के तिलमी, बमरजा, चांपी, टिमड़ा सहित दर्जनों गांव में वर्षों पहले नहर तो बना दी गई। लेकिन अब तक नहर में कभी पानी छोड़ा ही नहीं गया। बमरजा गांव के किसान रामधन गोप कहते हैं कि 30-35 साल पहले नहर के लिए हमलोगों ने जमीन दी थी। नहर भी बना दी गई। लेकिन अब तक जलाशय से एक बूंद पानी उन्हें नहीं मिल पाया है। टिमड़ा गांव के किसान मार्शल होरो कहते हैं कि किसान नहर के लिए जमीन देकर पछता रहे हैं। अब तो नहर में भी मिट्टी भर गई है। यह योजना इस क्षेत्र में पूरी तरह विफल हो गई है।

## PALAMU के बारालोटा में राधा-कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन




भूमि पूजन समारोह में शामिल लोग। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU**

राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी पूर्ण सहयोग करेगी। राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सौजन्य से कराया जाएगा। यह बात राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने कही। वे बुधवार को मेदिनीनगर शहर स्थित पांकी रोड बारालोटा भवानीनगर में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के आधारशिला रखने के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने कहा की राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण के दौरान ही बारालोटा स्टेडियम के पीछे बन रहे मंदिर में भी गुंबद का निर्माण कराया जाएगा। परशुराम युवा वाहिनी धर्म संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है और धार्मिक स्थलों के संरक्षण का कार्य करने में यकीन रखती है। आधारशिला कार्यक्रम की अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने की जबकि संचालन पंकज शुक्ला ने किया। मौके पर राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद पांडे ने मंदिर के बारे में विस्तृत से प्रकाश डाला।

इसके पूर्व राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी ने युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय को माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# जातीय गणना पर सुनवाई पूरी, कल आएगा फैसला

## सरकार ने कहा-नीतियां बनाने में आसानी होगी




**बिहार :** जातीय गणना पर पटना हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई है। हाईकोर्ट इस पर कल अपना फैसला सुनाएगा। चीफ जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन की बेंच ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि इस गणना का उद्देश्य क्या है? क्या इसे लेकर कोई कानून भी बनाया गया है? ये गणना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती है या नहीं। इस पर महाधिवक्ता पीके शाही ने अपना जवाब दिया। सरकार सभी बातों का ध्यान रखकर इसे करवा रही है। इस गणना से सरकार को गरीबों के लिए नीतियां बनाने में आसानी होगी। यह मामला 1 मई पटना हाईकोर्ट पहुंचा था। दो दिन से लगातार सुनवाई हुई है। जातीय आधारित गणना पर रोक लगाने की मांग को लेकर 21 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि जनगणना केंद्र सरकार का अधिकार क्षेत्र है। बिहार सरकार की ओर से गणना असंवैधानिक है। वहीं, शीर्ष अदालत ने मामला बिहार से जुड़ा होने के कारण पटना हाईकोर्ट में सुनवाई करने का आदेश दिया था। राज्य सरकार का कहना है कि जातीय गणना एक ऐसा सर्वे है, जिसके जरिए सरकार लाभार्थियों की सही संख्या निकालते हुए उस हिसाब से नीतिगत फैसले ले सकेगी। इस सर्वे के जरिए तैयार रिकॉर्ड के आधार पर योजनाओं और सुविधाओं को राज्य के हर आदमी तक पहुंचाने की योजना है। जाति आधारित गणना मामले में सुप्रीम कोर्ट में बिहार सरकार ने कहा है कि वो किसी को जवाब देने के लिए फोर्स नहीं कर रहे हैं। इस पर पिटीशनर के वकील दीनू कुमार ने कहा है कि जब किसी पर दबाव नहीं डाला जा सकता है और उन्हें जवाब के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है, तो ऐसे में बिहार सरकार क्या जनता के पैसों का दुरुपयोग नहीं कर रही है। सरकारी अधिकारियों को फालतू के कामों में उलझा कर उनका वक्त क्यों बर्बाद किया जा रहा है। बिहार में 7 जनवरी से जातीय गणना शुरू हुई है। 15 अप्रैल से इसके दूसरे चरण की शुरूआत हो चुकी है।बिहार में फिलहाल जातीय गणना कराने का काम जारी है। 15 मई तक इसे पूरा करने के बाद इस पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। अगर कोर्ट इस पर रोक लगाती है तो जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

# ड्यूटी पर सो रहे थे जवान,रायफल और 90 कारतूस चोरी



**खगड़िया :** मंगलवार की रात पुलिसकर्मियों की 3 सरकारी रायफल चोरी हो गई। 3 जवान नाइट ड्यूटी पर तैनात थे। सभी जवान ड्यूटी के दौरान गहरी नींद में सो गए। इसी दौरान तीनों की रायफल समेत 90 कारतूस चोरी हो गए। बुधवार की सुबह तीनों जवानों की नींद खुली तो रायफल और कारतूस गायब मिले। घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को मिली। इसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामला अलौली प्रखंड के अंचल दफ्तर का है। अलौली थाने की पुलिस ड्यूटी पर तैनात तीनों होमगार्ड से पूछताछ कर रही है। ड्यूटी पर होमगार्ड जवान नरेंद्र कुमार, जोगी सिंह और अकील सिंह तैनात थे। तीनों के पास सरकारी राइफल और 90 कारतूस थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर एसडीपीओ सुमित कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच कर रहे हैं। एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि दो मई की रात अलौली अंचल कार्यालय में तैनात गृहरक्षक जवानों की तीन राइफल और 90 कारतूस की चोरी हुई है। अलौली थाना की पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। अलौली अंचल गार्ड रूम में प्रतिनियुक्त जवानों की रात में ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी छोड़कर सभी जवान गहरी नींद में सो गए। एसडीपीओ सुमित ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। कार्यालय परिसर में जितने भी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, सभी की फुटेज की जांच की जा रही है।

# गया में मिले 14 नए कोरोना संक्रमित



**गया :** कोरोना संक्रमण थमने का नहीं ले रहा है। जिले में फिर अलग-अलग जगहों से मंगलवार को 14 नए कोरोना संक्रमित मामले मिले हैं। कोरोना संक्रमण के बढ़ रहे मामलों के बीच जिला प्रशासन अलर्ट है। वहीं नए संक्रमितों की पहचान से जिले के लोग भी चिंतित हैं। इन नए संक्रमितों के मिलने के बाद फिलहाल जिले में सक्रिय कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 86 पहुंच गया है। गया के एएनएमएमसीएच में आरटी-पीसीआर जांच में 14 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आयी हैं। सभी का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। इस संबंध में सिविल सर्जन रंजन कुमार सिंह ने पुष्टि की है। साथ मे उन्होंने बताया है कि गया जिले के अलग-अलग जगहों से 14 नए कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। सोमवार को भी दो कोरोना संक्रमित मिले थे। जिले में अब तक 86 एक्टिव केस हैं। सभी मगध मेडिकल अस्पताल में आरटी-पीसीआर की जांच में संक्रमित पाए गए हैं। संक्रमित मरीज चार दिनों के अंदर ही नेगेटिव रिपोर्ट भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग सतर्क रहें और भीड़ वाले क्षेत्र में मास्क का अवश्य प्रयोग करें।

# शादी से एक दिन पहले दूल्हे की मौत



**समस्तीपुर :** शादी से एक दिन पहले दूल्हे की मौत हो गई। 24 साल के सीताराम की आज 3 मई को शादी होनी थी। इससे पहले मंगलवार 2 मई को मटकोर की रस्म के दौरान दूल्हा पंखे का तार जोड़ रहा था। पंखे का तार एक जगह से कटा था। इससे उसे करंट लगा और वो जमीन पर गिर पड़ा। परिवार ने डंडे से उसे हटाने की कोशिश की। इसके बाद पंखे में बिजली सप्लाई को बंद कर दूल्हे को हटाया गया। परिवार वाले उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला सरायरंजन थाना क्षेत्र के किशनपुर युसूफ गांव का है। दूल्हे की मौत से घर में मातम पसर गया। जैसे ही ये जानकारी दुल्हन के घर वालों को लगी। दुल्हन का भी रो-रोकर बुरा हाल था।लड़का गांव में मजदूरी करता था। 20 दिनों पहले ही उसकी शादी तय हुई थी। आज बारात निकलने वाली थी। बारात को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। दूल्हे की मौत से परिवार सदमे में है। दूल्हे के रिश्तेदार ने बताया कि शादी की सभी तैयारी हो चुकी थीं। कार्ड भी बंट दिए गए थे। अपनी शादी को लेकर सीताराम बहुत खुश था। शादी में कपड़ों से लेकर सभी चीजें खुद अपनी पसंद से खरीदी थीं। हमें तो विश्वास ही नहीं हो रहा ये क्या हो गया। उन्होंने बताया कि दूल्हे तीन भाई और एक बहन है। उसके पिता गांव में ही ठेला चलाते हैं। पुलिस ने बताया कि युवक की मौत हुई है। परिवार का कहना है कि करंट लगने से उसकी मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# छपरा में स्वर्ण कारोबारी की गला रेतकर हत्या

**छपरा :** स्वर्ण कारोबारी जय प्रकाश(52) की हत्या कर दी गई है। बुधवार को दो दिन बाद घर से लाश बरामद की गई है। घटना रिविलगंज थाना के रिविलगंज बाजार की है। मृतक रिविलगंज बाजार में ज्वेलरी की दुकान चलाते थे। परिवार के सभी लोग शादी में सम्मिलित होने के लिए हाजीपुर गए हुए थे। इसी बीच अपराधियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब परिवार वाले दो दिन बाद बुधवार को वापस लौटे। घर का ताला खोलने के बाद कमरे में जय प्रकाश की लाश लहूलुहान हालत में मिली। शव के गर्दन पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि परिवार के सभी लोग एक शादी में सम्मिलित होने के लिए 1 मई को हाजीपुर चले गए थे। लेकिन जयप्रकाश आर्य ज्वेलरी शॉप के चलते नहीं जा पाए थे। बुधवार को परिवार के सभी सदस्य वापस लौटे तो घर में बाहर से ताला बंद था। ताला खोलकर जब लोग अंदर पहुंचे तो सभी लोग सन्न रह गए। कमरे में जय प्रकाश आर्य की लाश लहूलुहान अवस्था में पड़ी थी। गर्दन पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं। रिविलगंज थाना अध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि रिविलगंज बाजार स्थित एक स्वर्ण कारोबारी के गला रेत कर हत्या करने का मामले सामने आया है। पुलिस जांच में जुट गई है। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# 6 मई से शुरू होगी इंटर की टेस्ट परीक्षा

**औरंगाबाद।** दाऊदनगर प्रखंड के केके मंडल साइंस कॉलेज द्वारा इंटर की टेस्ट परीक्षा 6 मई से ली जाएगी इस आशय की जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक सूर्य नारायण सिंह उर्फ छोटन सिंह ने बताया कि इंटर सत्र 2022- 24 की टेस्ट परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति उच्च माध्यमिक पटना के निर्देश पर केके मंडल साइंस कॉलेज के परीक्षा भवन में आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी विद्यार्थियों को शामिल होना अनिवार्य है। मौके पर प्राचार्य अशोक सिंह शिक्षक सुरेश प्रसाद सिंह रामप्रवेश सिंह यमुना सिंह तरुण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। यह भी बताया कि टेस्ट परीक्षा के माध्यम से सभी विद्यार्थी अपनी तैयारी का मूल्यांकन करते हैं एवं वार्षिक परीक्षा में किस तरह से सफल होना है इसकी भी समीक्षा करते हैं।

# शिव नारायण सिंह रचित व्यवहारिक ज्योतिष आचार विचार एवं व्यवहार को समर्पित

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के प्रसिद्ध ज्योतिर्विद प्रख्यात साहित्यकार अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक शिव नारायण सिंह रचित व्यावहारिक ज्योतिष पुस्तक आमजन के लिए सर्व सुलभ आचार विचार एवं व्यवहार को समर्पित ज्योतिषीय पुस्तक है। इस पुस्तक की समीक्षा करते हुए सामयिक साहित्य संवाद के प्रांतीय संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि व्यवहारिक ज्योतिष में जीवन के संपूर्ण परिवेश को इंगित करते हुए मानव के समस्त समस्याओं का समाधान करता हुआ प्रतीत होता है। इस पुस्तक का मूल उद्देश्य है कि यदि भविष्य में कोई घटना घटने वाली है तो उसका आगाह व्यावहारिक ज्योतिष जैसे पुस्तक के माध्यम से यदि मिल जाती है तो ऐसा होने पर हम उन घटनाओं को टाल सकते हैं उनको टालने के संबंध में तैयारियां कर सकते हैं। उनके दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं। कालसर्प योग के तथ्यों को स्पष्ट विचार से प्रेरित किया गया है तो वही कर्ज योग कारण निवारण की भी चर्चा की गई है।भगवान शंकर के नेत्र का जल बिंदु रुद्राक्ष अति महत्वपूर्ण है। तो नक्षत्र के वृक्ष के माध्यम से उपचार भी बताए गए हैं। संपूर्ण मानव जाति के ग्रह शांति के उपाय भी हैं तो शनि की साढ़ेसाती पर सम्यक प्रकाश डाला गया है । मारकेश के कारण निवारण का ज्योतिषीय उपाय बताया गया है तो कन्या विवाह विलंब के कारण उपाय की भी चर्चा की गई है।वर्तमान परिवेश में अंक ज्योतिष अत्यंत ही कारगर है तो रोग निवारण में ज्योतिष कितना कारगर है इसकी भी व्याख्या की गई है इस पुस्तक में सबसे महत्वपूर्ण शारीरिक लक्षणों के माध्यम से अंगों पर जो संकल्पना दी गई हैं इस पुस्तक की महत्ता को बढ़ा देती है।

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंच से लगवाए नारे- सम्राट चौधरी बिहार का योगी है, मुख्यमंत्री हो




"मैं देख रहा हूं सम्राट चौधरी जिस दिन से अध्यक्ष बने हैं, नारे लग रहे हैं सम्राट चौधरी बिहार का? बिहार का? बिहार का? बिहार का?ह्व .....केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय में एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के लिए यह सवाल पूछते हुए नारे लगवाए। जवाब मिला- "योगी है" और "मुख्यमंत्री होह्व। गिरिराज सिंह के इस अंदाज की चर्चा तेजी से होने लगी है। क्योंकि, इससे पहले सम्राट चौधरी को बिहार का योगी बताने वाला पोस्टर तो लगा था, लेकिन किसी बड़े नेता ने ऐसी बात नहीं कही थी। मंगलवार को गिरिराज सिंह ने भाजपा के स्थानीय विधायकों, राज्यसभा सांसद और संगठन के तमाम नेताओं की उपस्थिति में यह नारेबाजी कराई। उन्होंने कहा कि "यह मैंने नहीं कहा। आपने कहा कि बिहार में योगी जैसा मुख्यमंत्री चाहिए और सम्राट चौधरी का नाम आप ही ले रहे हैं।"

सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि यदि भाजपा की सरकार बिहार में आती है तो बिहार में कभी दंगे नहीं होंगे और लोग भेदभाव मिटाकर रहेंगे। भले ही वर्तमान सरकार के द्वारा तुष्टीकरण की राजनीति की जा रही हो, लेकिन जनता सब समझती है और आने वाले दिनों में जनता वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार को जब-जब प्रधानमंत्री बनने के कीटाणु ने अपना शिकार बनाया है, तब तब उन्हें मुंह की खानी पड़ी है और एक बार फिर वह प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। आने वाले चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

शराबबंदी कानून को आड़े हाथों लेते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा भी शराबबंदी कानून का समर्थन करती है, लेकिन बिहार में जिस तरह की शराबबंदी है वह कतई कबूल नहीं की जा सकती है। आज शराबबंदी की आड़ में जदयू अपना प्राइवेट राजस्व बढ़ा रहा है। जिस वक्त सर्वप्रथम नीतीश कुमार की सरकार बनी थी, उस वक्त पूरे बिहार में शराब की दुकानों की संख्या 900 थी। वर्ष 2015 आते-आते यह 12 हजार के करीब पहुंच गई। नीतीश कुमार की सरकार ने पहले घर-घर शराब पहुंचाने और पूरे बिहार को शराबी बनाने का काम किया और बाद में शराबबंदी कानून लगाकर अपना तथा अपने अफसरों का राजस्व बढ़ाने का काम किया। जनता सब कुछ समझ रही है और आने वाले दिनों में इसका जवाब दिया जाएगा। नैतिकता के तौर पर देखा जाए तो यदि बिहार में एक बोतल शराब मिलती है तो मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।



## संक्षिप्त -समाचार

### मन को झकझोर देने वाली घटना : सांसद



**औरंगाबाद।** सांसद सुशील कुमार सिंह लोकसभा क्षेत्र के कोंच प्रखंड के अंतर्गत ग्राम मंझियांवा निवासी डॉ. कविलाश यादव की पूरे परिवार के साथ पंजाब के लुधियाना में रहते थे। पेशे से डॉक्टरी करते थे। इनके पूरे परिवार पत्नी कुमारी अनुला और पुत्र अभय नारायण, आर्यन कुमार और पुत्री कल्पना कुमारी की मौत जहरीली गैस रिसाव के कारण हो गई थी। इस दर्दनाक घटना की जानकारी मिलते ही सांसद देर रात घर पहुँचकर परिवार के सदस्यों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। मृत परिवार के सदस्यों को सांत्वना एवं ढांढस बंधाया सांसद ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुःखद और मन को झकझोर देने वाली घटना है।पूरे परिवार के सदस्यों का एक साथ मौत होने से पूरे गाँव के बीच गमगीन माहौल है। एक ही परिवार के पाँच लोगों की जब अर्थी निकली तो इस गमगीन माहौल को देखकर सबकी आँखे नम हो गई। मेरा परिवार के प्रति पूरी संवेदना है परिवार को हर संभव मदद किया जाएगा। मैं बिहार सरकार से माँग करता हुँ कि परिवार के सदस्यों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा दे।इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजबब्बर सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मुन्ना कुमार, कोंच मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सुनील कुमार सिंह, भाजपा नेता रविन्द्र शर्मा,सुधीर प्रसाद शर्मा,पैक्स अध्यक्ष नीरज सिंह, औरंगाबाद जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,पंचायत समिति सदस्य जयंत यादव,भाजपा नेता दीपक कुमार,आलोक कुमार,मिथलेश कुमार,विकेश कुमार,अजय कुमार,गुड्डू कुमार एवं सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य शोभायात्रा

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद प्रखंड के रामपुर गांव में बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरूआत हुआ। सैकड़ों महिला- पुरुष श्रद्धालु घोड़ा ,गाजे-बाजे के साथ जम्होर स्थित पुनपुन दोमुहान घाट पहुंचकर जल भरी की रस्म पूरी की। विद्वान आचार्य बृजेंद्र मिश्रा जी की ओर से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जलाहरण कराया गया ।बजरंगबली के जयकारे से पूरा शोभा यात्रा भक्तिमय से गूंज उठा। पुणःसभी श्रद्धालु भक्तों वापस रामपुर गांव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा स्थित स्थान पर पहुंचे और पवित्र कलश को स्थापित किया। विद्वान पंडित अरुण मिश्रा राजेश मिश्रा एवं समिति के सदस्य ग्रामीण पुरुषोत्तम कुमार सिंह भीम सिंह मथुरा साव बिंदा साव द्वारा जानकारी दिया गया की मंगलवार को मंडप प्रवेश के साथ अखंड कीर्तन का आयोजन होगा तथा भगवान की मूर्ति का विधिवत विधि विधान से स्थापना की जाएगी तत्पश्चात बुधवार को महा भंडारा का आयोजन होगा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। शोभायात्रा में ग्रामीण राजेश मिश्रा परशुराम सिंह नागेंद्र सिंह गोरख प्रसाद सुदामा पासवान संजय पासवान दशरथ साव गुलाबचंद प्रसाद अवधेश राम अमित कुमार छोटू कुमार रामाशीष राम प्रदीप राम जितेंद्र राम अभिषेक कुमार सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्तिमय जयघोष के साथ उपस्थित रहें।

### शिव नारायण सिंह रचित व्यवहारिक ज्योतिष आचार विचार एवं व्यवहार को समर्पित

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के प्रसिद्ध ज्योतिर्विद प्रख्यात साहित्यकार अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक शिव नारायण सिंह रचित व्यावहारिक ज्योतिष पुस्तक आमजन के लिए सर्व सुलभ आचार विचार एवं व्यवहार को समर्पित ज्योतिषीय पुस्तक है। इस पुस्तक की समीक्षा करते हुए सामयिक साहित्य संवाद के प्रांतीय संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि व्यवहारिक ज्योतिष में जीवन के संपूर्ण परिवेश को इंगित करते हुए मानव के समस्त समस्याओं का समाधान करता हुआ प्रतीत होता है। इस पुस्तक का मूल उद्देश्य है कि यदि भविष्य में कोई घटना घटने वाली है तो उसका आगाह व्यावहारिक ज्योतिष जैसे पुस्तक के माध्यम से यदि मिल जाती है तो ऐसा होने पर हम उन घटनाओं को टाल सकते हैं उनको टालने के संबंध में तैयारियां कर सकते हैं। उनके दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं।यदि कोई व्यक्ति व्यावहारिक ज्योतिष के माध्यम से परीक्षा में सफलता अथवा नौकरी में पदोन्नति की कामना से इसके फलाफल पर ध्यानाकर्षण कराता है तो ऐसी परिस्थिति में व्यवहारिक ज्योतिष से हमें तभी मदद मिल सकती जब व्यक्ति कर्मठी हो कर्मशील हो आलस से रहित हो मेहनत के वशीभूत हो।इस पुस्तक के अवलोकन से यह पता चलता है कि हमें व्यवहार के साथ-साथ आचार विचार को भी उत्कर्ष पर रखना होगा तभी हम जीवन के सभी क्षेत्रों में सफल हो सकते हैं। इस पुस्तक में ज्योतिष का मूलाधार पंचांग के माध्यम से जन्म कुंडली एवं कुंडली के लग्न विचार पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए उसके मूलभूत तथ्यों को बताया गया है। कालसर्प योग के तथ्यों को स्पष्ट विचार से प्रेरित किया गया है तो वही कर्ज योग कारण निवारण की भी चर्चा की गई है।भगवान शंकर के नेत्र का जल बिंदु रुद्राक्ष अति महत्वपूर्ण है। तो नक्षत्र के वृक्ष के माध्यम से उपचार भी बताए गए हैं। संपूर्ण मानव जाति के ग्रह शांति के उपाय भी हैं तो शनि की साढ़ेसाती पर सम्यक प्रकाश डाला गया है । मारकेश के कारण निवारण का ज्योतिषीय उपाय बताया गया है तो कन्या विवाह विलंब के कारण उपाय की भी चर्चा की गई है।वर्तमान परिवेश में अंक ज्योतिष अत्यंत ही कारगर है तो रोग निवारण में ज्योतिष कितना कारगर है इसकी भी व्याख्या की गई है इस पुस्तक में सबसे महत्वपूर्ण शारीरिक लक्षणों के माध्यम से अंगों पर जो संकल्पना दी गई हैं इस पुस्तक की महत्ता को बढ़ा देती है।

### रामनरेश मिश्र के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद के प्रसिद्ध समाजसेवी चित्रा समाज कल्याण केंद्र के संस्थापक चित्रा दर्पण पत्रिका के संरक्षक रामनरेश मिश्रा जी के आकस्मिक निधन पर समकालीन जवाबदेही परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखा एवं अश्रुपूर्ण नेत्रों से भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राम नरेश मिश्रा जी एक कुशल समाजसेवी साहित्यिक एवं समाज के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे उनके असामयिक निधन से साहित्यिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक संतप्त लोगों में शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक धनंजय जयपुरी उज्जवल रंजन मुरलीधर पांडेय सिंहेश सिंह सहित अन्य लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि निकट भविष्य में क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती है।

# जेल में भी जुर्म

देश की सबसे चर्चित और सुरक्षित जेलों में शामिल दिल्ली की तिहाड़ जेल में 20 दिनों के भीतर दो दुर्दांत अपराधियों की हत्या बताती है कि इसका सुरक्षा तंत्र किस कदर बाहुबलियों के आगे पंगु दिखने लगा है। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए, जब लॉरेन्स बिश्नोई गैंग के गुर्गे प्रिंस तेवतिया की तिहाड़ में हत्या कर दी गई थी, और अब मंगलवार को टिल्लू ताजपुरिया का इसमें कत्ल हो गया। यदि तिहाड़ जैसी केंद्रीय जेल की यह स्थिति है, तो अन्य कारागृहों की हालत का आसानी से अंदाज लगाया जा सकता है। रोहिणी अदालत में गोलीबारी के आरोपी ताजपुरिया की हत्या के जो ब्योरे सामने आ रहे हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। उसे बेहद जोखिम वाले वार्ड में रखा गया था, पर हमलावर बाकायदा ग्रिल काटकर उस तक पहुंच गए और जेल की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा तंत्र इन सबसे गाफिल सोया रहा! देश में एक परंपरा सी बनती जा रही है कि जिस तंत्र पर कुख्यात अपराधियों को कानून के हाथों सख्त से सख्त सजा दिलाकर इंसाफ का राज कायम करने की जिम्मेदारी है, उसकी अभिरक्षा में ही दूसरे अपराधी आसानी से कामयाब हो जा रहे हैं! जेल की अभिकल्पना सुधार गृह के रूप की गई है और इसमें कोई दोराय नहीं कि बड़ी संख्या में अपनी सजाएं पूरी करके निकले कैदी समाज की मुख्यधारा में लौटे भी हैं, लेकिन हम इस तथ्य से भी आंखें नहीं मूंद सकते कि हमारी जेलों में काफी खामियां हैं और स्थानीय जेल अधिकारियों व कर्मचारियों से सांठगांठ करके रसूखदार सजायाफ्ता या दुर्दांत अपराधी अपना साम्राज्य भीतर से ही चला रहे हैं। वक्त-वक्त पर जेलों में औचक निरीक्षण में बरामद मोबाइल व दूसरी प्रतिबंधित चीजें इसकी तस्दीक करती हैं। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए होंगे, जब चित्रकूट जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी के बारे में हैरतअंगेज खुलासे हुए थे। अब्बास पर आरोप है कि वह न सिर्फ जेल से ह्यमनी लॉड्रिंगह्ल में जुटे थे, बल्कि अपनी बेगम के साथ भी आराम के वक्त गुजारा करते थे। इसी तरह, लोकप्रिय पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में जिस लॉरेन्स गिरोह का हाथ बताया जाता है, उसका सरगना राजस्थान की जेल में कैद है, और वह भीतर से ही मुंबई तक बॉलीवुड के लोगों को धमकियां देने में कामयाब हो जा रहा है। इन घटनाओं और खुलासों का सीधा सा अर्थ है कि हमारी जेल-व्यवस्था में कुछ सड़ रहा है, और इसे त्वरित उपचार की जरूरत है। अगर जेल के भीतर भी अपराधियों के नख-दंत नहीं टूटते, तब तो भयमुक्त समाज का पूरा शीराजा ही बिखर जाएगा। सबसे पहले तो जेलों पर कैदियों की तादाद के बढ़ते दबाव का इलाज किया जाना चाहिए। देश की 1,378 जेलों में साढे. पांच लाख से अधिक कैदी हैं, जबकि इनकी क्षमता लगभग चार लाख कैदियों को रखने की है। इनमें से हजारों ऐसे हैं, जिनका पुरसाहाल पूछने वाला कोई नहीं। करीब 75 फीसदी के मामले विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं। ऐसे में, इन जेलों की गुणवत्ता, उनकी सुरक्षा का प्रभावित होना लाजिमी है। शीर्ष अदालत व सरकार को ऐसे कैदियों की रिहाई का वैध रास्ता निकालना चाहिए, जो बिना सुनवाई के आरोपित जुर्म से अधिक समय जेलों में गुजार चुके हैं, या जो उम्र की उस दहलीज पर पहुंच गए हैं, जहां उनसे समाज को खतरा नहीं।

# तलाक की अवधि

शीर्ष अदालत ने कहा कि पति-पत्नी के बीच आई दरार को पाटना संभव नहीं हो पा रहा है तो ऐसी शादी को आपसी सहमति के आधार पर छह महीने से पहले भी खत्म किया जा सकता है। भारतीय समाज में विवाह एक सामाजिक परंपरा है, लेकिन यह इस संबंध में बने कानून के दायरे में भी है। अगर किन्हीं कारणों से पति और पत्नी के बीच दरार आ जाती है और सुलह नहीं हो पाती तथा संबंध आखिर अलगाव के रास्ते की ओर बढ़ जाता है, तो इसके लिए एक कानूनी प्रक्रिया रही है। उसमें अंतिम फैसले तक पहुंचने से पहले खास अंतराल भी तय किया गया है। मगर इस मसले पर जिस तरह की नई परिस्थितियां बन रही हैं और जैसी जटिलताएं उभर रही हैं, उसके मुताबिक इस संबंध में नई व्यवस्था की जरूरत महसूस की जा रही थी। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट की एक पांच सदस्यीय पीठ ने अब विवाह विच्छेद या तलाक को लेकर यह व्यवस्था दी है कि वह हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के मुताबिक आपसी सहमति से तलाक लेने के लिए निर्धारित छह से आठ महीने की प्रतीक्षा अवधि को समाप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्तियों का उपयोग कर सकती है। जाहिर है, अब अगर पति और पत्नी के आपसी रिश्तों में किसी भी वजह से आ गई दरार को खत्म कर पाना मुमकिन नहीं हो पा रहा है, तो उसके हल के रूप में तलाक लेने के लिए पहले की तरह कम से कम छह महीने तक इंतजार करने की जरूरत नहीं रह जाएगी। शीर्ष अदालत ने इस बिंदु पर कहा कि पति-पत्नी के बीच आई दरार को पाटना संभव नहीं हो पा रहा है तो ऐसी शादी को आपसी सहमति के आधार पर छह महीने से पहले भी खत्म किया जा सकता है। दरअसल, हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के मुताबिक अभी तक जो व्यवस्था रही है, उसमें आपसी सहमति से तलाक की मांग करने वाला प्रस्ताव दाखिल करने के बाद पक्षकारों को दूसरा प्रस्ताव पेश करने से पहले कम से कम छह महीने और अधिकतम अठारह महीने तक इंतजार करना पड़ता था। इसका उद्देश्य यह था कि तलाक के लिए अर्जी देने वाले दोनों पक्षों को अपने फैसले पर आत्मनिरीक्षण करने के निर्णय पर फिर से विचार करने का अवसर मिल सके।

# बुद्ध पूर्णिमा: भारत कैसे आए बुद्ध के अनुयायी

MY STORY



आर.के. सिन्हा

मैं यहां इस बाबत राजधानी दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क का उदाहरण देना चाहता हूं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा बीते कुछ हफ्ते पहले अपने राजधानी प्रवास के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बुद्ध जयंती पार्क में गए थे। दरअसल बुद्ध जयंती पार्क भगवान बुद्ध के निर्वाण के 2500वें वर्ष के स्मरणोत्सव के समय 1959 में तैयार किया गया था। बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का वृक्ष भी है जिसका संबंध भगवान बुद्ध से माना जाता है। जिस पीपल के पेड़ के नीचे भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था, उसकी एक टहनी सम्राट अशोक के पुत्र द्वारा श्रीलंका में भी रोपित की गई थी। श्रीलंका की तत्कालीन प्रधानमंत्री सिरिमाओ भंडारनायके ने इस वृक्ष की एक टहनी भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को 1964 में भेंट की थी। उन्होंने उसी टहनी को 25 अक्टूबर, 1964 को यहां रोपित किया था। आज यह वृक्ष पूर्ण रूप से हरा भरा है। इसके ही भारत और जापान के प्रधानमंत्रियों ने दर्शन किए।

पांच मई को बुद्ध पूर्णिमा और बुद्ध जयंती है। इस मौके पर आपको राजधानी दिल्ली के कुछ बुद्ध विहारों में भारत में कार्यरत विभिन्न देशों के राजनयिक और नागरिक पूजा-अर्जना करते हुए मिल जाएंगे। भगवान बुद्ध के भले ही अनुयायी सारे संसार में हों, पर वे हैं तो हमारे ही। भारत में बुद्ध से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण स्थल जैसे लुम्बिनीझ जहां भगवान बुद्ध का जन्म हुआ, बोधगयाझ जहां बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ, सारनाथझजहां से बुद्ध ने दिव्यज्ञान देना प्रारंभ किया, कुशीनगरझजहां बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ और दीक्षाभूमि, नागपुरझजहां भारत में बौद्ध धर्म का पुनरुत्थान हुआ मौजूद हैं। लुम्बिनी भगवान बुद्ध के जन्म के समय भारत का ही अंग था। बाद में गोरखा रायफल्स की वीरता से प्रभावित होकर अंग्रेजों ने तराई के कुछ भागों को पूर्व गोरखा सैनिकों के पुनर्वास के लिए तराई के एक भाग को भारत से अलग कर नेपाल को सौंप दिया, जिसमें बुद्ध का जन्म स्थान लुम्बिनी भी चला गया।

इतना सब कुछ होने के बावजूद हमारे यहां दुनियाभर के बुद्ध धर्म के अनुयायी काफी कम संख्या में आते हैं। यह स्थिति हर हाल में बदलनी होगी। भारत में बौद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों के साथ एक समृद्ध प्राचीन बौद्ध विरासत है। भारत बौद्ध विरासत दुनिया भर में बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत रुचिकर है। यह तो पूरी दुनिया को बताना तो होगा ही। भगवान बुद्ध को मानने वाले देशों से पर्यटकों को भारत लाना ही होगा। यह पर्यटकों का एक बहुत बड़ा समूह है। दुनियाभर में फैले करोड़ों बौद्ध धर्म के अनुयायियों को अभी तक तो हम भारत के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों की तरफ



लाने में कोई बहुत सफल नहीं रहे हैं। यह एक सच्चाई है। हमें भगवान बुद्ध से जुड़े कुछ नए और हाल ही में विकसित स्थलों में भी पर्यटकों को लाना होगा।

मैं यहां इस बाबत राजधानी दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क का उदाहरण देना चाहता हूं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा बीते कुछ हफ्ते पहले अपने राजधानी प्रवास के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बुद्ध जयंती पार्क में गए थे। दरअसल बुद्ध जयंती पार्क भगवान बुद्ध के निर्वाण के 2500वें वर्ष के स्मरणोत्सव के समय 1959 में तैयार किया गया था। बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का वृक्ष भी है जिसका संबंध भगवान बुद्ध से माना जाता है। जिस पीपल के पेड़ के नीचे भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था, उसकी एक टहनी सम्राट अशोक के पुत्र द्वारा श्रीलंका में भी रोपित की गई थी।

श्रीलंका की तत्कालीन प्रधानमंत्री सिरिमाओ भंडारनायके ने इस वृक्ष की एक टहनी भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को 1964 में भेंट की थी। उन्होंने उसी टहनी को 25 अक्टूबर, 1964 को यहां रोपित किया था। आज यह वृक्ष पूर्ण रूप से हरा भरा है। इसके ही भारत और जापान के प्रधानमंत्रियों ने दर्शन किए। इसके पास बैठकर जो सुख मिलता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। यहां पर बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों के राजनयिक और पर्यटकों को लाना होगा। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने बुद्ध जयंती पार्क में स्थापित भगवान बुद्ध की सुंदर प्रतिमा को भेंट किया था। भगवान बुद्ध की यह प्रतिमा बैठी हुई अवस्था में है। दलाई लामा भी इधर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कई बार आ चुके हैं। वे जब यहां पर आते हैं तो हजारों तिब्बती भी उनके दर्शन करने के लिए पहुंच जाते हैं।

राजधानी के मंदिर मार्ग पर स्थित महाबोधि मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर जापान, कोरिया, थाईलैंड, श्रीलंका, वियतनाम जैसे बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों के राजनयिक आते हैं। दिल्ली के इस पहले बुद्ध विहार का उद्घाटन महात्मा गांधी ने 1939 में किया था। इस मंदिर का उद्घाटन करते हुए गांधी जी ने कहा था कि यहां पर किसी भी इंसान को उसकी जाति या अन्य किसी कारण से नहीं रोका जाए। यह बिड़ला मंदिर के ठीक साथ में है।

इसके निर्माण में आई सारी लागत उद्योगपति जुगल किशोर बिड़ला ने वहन की थी। महाबोधि मंदिर में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर, इंदिरा गांधी जैसी शख्सियतें भी विशेष अवसरों पर आती रही हैं। इधर भगवान बुद्ध की एक सुंदर मूर्ति स्थापित है,जो पंडित नेहरू ने बुद्ध विहार को भेंट की थी। यह मूर्ति म्यांमार के मूर्तिशिल्पियों ने बनाई थी। महाबोधि मंदिर में काफी संख्या में श्रीलंका के पर्यटक आते रहे हैं।

बड़ा सवाल यह है कि राजधानी के महाबोधि मंदिर में और दूसरे तमाम बुद्ध विहारों में बुद्ध धर्म के करोड़ों अनुयायियों ने क्यों नहीं आना शुरू किया है? अभी तो बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों स बहुत कम पर्यटक हमारे यहां आते हैं। कभी थाईलैंड या श्रीलंका जाइये। वहां बुद्ध मंदिरों में हर समय बौद्ध देशों के हजारों पर्यटक आ-जा रहे होते हैं। ये भगवान बौद्ध की मूर्तियों के दर्शन करके अभिभूत हो रहे होते हैं। ये स्थिति तब है जब इन देशों का बौद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं है। श्रीलंका तो यह स्वीकार करता है कि बौद्ध धर्म उसे उपहार में भारत से ही मिला।

आपको याद होगा कि कुछ साल पहले बिहार के महाबोधि मंदिर में धमाकों के बाद विदेशी पर्यटकों की आवाजाही प्रभावित हुई थी। हर साल बिहार आने वाले करीब 8-9 लाख से अधिक विदेशी सैलानियों का सबसे बड़ा हिस्सा बोधगया पहुंचता है। इधर ही सिद्धार्थ को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई और वे बुद्ध बने। बोधगया आने वाले पर्यटक सारनाथ अवश्य जाते हैं। सारनाथ में बुद्ध ने बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद अपना पहला उपदेश दिया था।

जब केन्द्र और बिहार सरकार दुनियाभर में फैले 50 करोड़ बौद्ध धर्म के अनुयायियों को भारत के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों की तरफ लाने की कोशिशें कर रही थीं,तब महाबोधि मंदिर की घटना का होना कोई बहुत शुभ संकेत नहीं था। बुद्ध के अनुयायियों का भारत को लेकर आकर्षण स्वाभाविक है। बोधगया-राजगीर-नालंदा सर्किट देश के सबसे खासमखास पर्यटन स्थलों में माना जाता हैं पर्यटकों की आमद के लिहाज से। इधर दक्षिण-पूर्व एशिया, श्रीलंका,जापान वगैरह से पर्यटक पहुंचते हैं। और उसके बाद राजगीर चले जाते हैं, जहां से बुद्ध ने आगे की यात्रा की। यूं तो ये साल भर आते रहते हैं, पर अक्टूबर से मार्च तक उनकी आमद सबसे अधिक रहती है।

# ok गूगल बनाम जज्बात

जब हम बातें सुनते हैं तो कुछ नहीं होता लेकिन जैसे ही जज्बात सुनने लगते हैं दुनियाँ बदल जाती है , शब्द और जज्बात में थोड़ा सा फर्क है , शब्द तो यहाँ लिखे हुये हैं इसे कोई भी पढ़ सकता है , हम चाहें तो इसे बोल भी सकते हैं , जैसे गूगल का एक एड आता है ok गूगल , बोलने से सब होगा। लेकिन गूगल आपके शब्द सुन रहा है जज्बात नहीं। उस से कहिए सुनो मैं तुम्हारे बिना नहीं जी सकता और तीस चालीस सेकेंड में वह सर्च रिजल्ट दिखा देखा जो लाखों में होंगे इसके बाद नीचे एक लाईन लिखी आएगी योर सर्च रिजल्ट इन 46 सेकेंड्स। हम बड़े खुश होते हैं कितना फास्ट सर्च इंजन है कि , एक मिनट से कम समय में इसने इतने सारे सर्च रिजल्ट दिखा दिये। आप शुरू के चार पाँच देखेंगे बहुत हुआ तो तो गूगल के पेज 3,4 तक जायंगे और फिर उसे छोड़ किसी दूसरे काम में लग जायंगे । मजा यह कि इन लाखों सर्च रिजल्ट में वह नहीं होगा जो आप ढूंढ रहे थे । जैसे आपने उसे ढूँढने के लिए टाईप किया था जिसके बिना आप जी नहीं सकते और गूगल ने लाखों रिजल्ट दिखा दिये , भला सोचिए क्या वो लाखों रिजल्ट वही हैं , जिसके बिना आप जी नहीं सकते बहुत हुआ तो उसमें आक्सीजन आया होगा । जाने दीजिये इसका जवाब आपके सिवा कोई नहीं दे पाएगा कि आप किसके बिना नहीं जी सकते , ok गूगल की क्या बिसात है । उसने तो बस गाने रिपोर्ट आर्टिकल निकाल कर दिखा दिये मैं तुम्हारे बिना जी नहीं सकता उसने आपके जज्बात कहाँ सुने । जज्बात सुनने की ताकत तो इंसान में है जीते जागते इंसान में। कहने का अर्थ यह कि जो इंसान अपने भीतर जिंदा है वही जज्बात सुन सकेगा वर्ना , हम सब ङ्क' गूगल हैं जो किसी के कुछ कहते ही सलाह के सर्च इंजन में उसकी बात डाल कर रिजल्ट दिखा देते हैं। खैर बात 29 अप्रैल 2023 की है , मेरे एक मित्र की फेयरवेल थी , वे सेवामुक्त हो रहे थे। अमूमन सभी जगह ऐसा होता है कि माह के अंतिम दिन जो लोग सेवा मुक्त हो रहे होते हैं उन्हें सम्मान जनक विदाई प्रदान की जाती है । मेरी कोशिश रहती है मैं ऐसे समारोह में जरूर पहुंचूँ । कारण यह कि जो आज हमसे विदा ले रहें हैं उन्होने संस्था में एक बहुत बड़ा समय बिताया है और हमारा इतना फर्ज तो बनाता है कि अपनी संस्था से विदा ले रहे किसी व्यक्ति के लिए एक दो घंटे निकाल सकें। सो 29 अप्रैल को विदा ले रहे मेरे मित्र मेरे कालेज से पढे हुये थे और मेरे ही बैच के थे सो मुझ से रहा नहीं गया और मैंने आयोजकों से कह दिया कि मुझे भी स्टेज पर दो मिनट बोलने के लिए समय चाहिए। बात आई गई हो जानी थी मगर नहीं बात तो जज्बात के सुनने की थी। मुझे पता होता है कि अधिकांश लोग किसी विदा लेने वाले के काम और उसकी उपलब्धियों के बारे में बतायेगे, किसी के भी सर्विस पीरियड या जीवन में यह सामान्य बात है। हम सब जितना जीवन जीते हैं उसमें बहुत सी उपलब्धियां होती हैं साथ ही कठिनाई और असफलता भी जुड़ी होती है । भारतीय दर्शन का प्रभाव है कि हम लोग उपलब्धियों की चर्चा करते है और कठिन परिस्थिति या असफलता जैसी बातों पर बहुत कम फोकस करते हैं। ओथेलो जैसा उपन्यास भारतीय जनमानस में नहीं मिलता क्योंकि हमारे देश की परंपरा आशावादी है, जिसमें साहित्य के लिए सत्यम, शिवम सुंदरम की अवधारणा है। अर्थात हमारे देश में सुखांत साहित्य ही स्वीकृत है। यह पूरा जीवन दर्शन है, आप फिल्में देखे , कलाकृति, नाटक सब सुखांत मिलेंगे कुछ एक अपवाद को छोड़ कर। जिन फिल्मों में नायक और नायिका दोनों अपनी जान देते हैं वे भी एक दो नोट साथ मे लगा देते हैं जैसे इस जनम में न मिल सके तो क्या हम नया जन्म लेंगे और मिलेंगे। एक फिल्म आई थी मिलन या ऐसी कई फिल्में आई हैं जो इसे पुनर्जन्म में साकार करती कहानी कहती हैं। खैर यह अलग मुद्दा है , बात वही कि मुझे मालूम है किसी के व्यक्तित्व व कार्य की चर्चा तो सभी करेंगे सो मेरे लिए उसे कहने का कोई अर्थ नहीं है। सो मैं समान्यतः कुछ लाईने , कुछ शेर या अपनी कोई कविता सुनता हूँ। इस बार मैंने अपनी लेटेस्ट बुक ठहरो , अभी तो जीना शुरू किया है से दो तीन कवितायें सुनाई जो लोगों को काफी पसंद आईं। जैसा कि मैंने कहा शब्द सुनने और जज्बात सुनने में फर्क होता है। सो जब किसी के जज्बात सुनना हो तो बोलने में उसकी आवाज का कंपन , चेहरे के भाव और कुछ कहने में पैदा हुई लड़खड़ाहट को देखने समझने की कोशिश करिएगा । यहाँ तक कि अगर आप इसे समझने लगे तो आपके सामने खड़े हो कर कौन अपनी झूठी तकलीफ बयां कर रहा है और किसकी आवाज में दिल का दर्द छुपा है आप देख कर समझ लेंगें। खैर और भी गहराई से जानना हो तो बोलने वाले की आँखें देखिएगा जो बिना बोले सब कुछ कह देती हैं। इस विदाई समारोह के बाद कल सुबह 30 अप्रैल को जब टहल रहा था तो मुझे मेरे मित्र विजय पाण्डेय मिल गए । एक बार मुलाकात हुई मैं जनता था कुछ कहना चाह रहे हैं लेकिन हम दोनों तेजी से अभिवादन करते निकल गए। कल सुबह से ही मैं प्रकृति को अलग दृष्टि से देख रहा था और मैंने बहुत से पेड़ जो फूलों से लदे थे उनके चित्र लिए। लेकिन ऐसे ही टहलते हुये जब विजय पाण्डेय जी से दुबारा मुलाकात हुई तो मैंने कहा विजय जी एक फोटो ले लीजिये एक आर्टिकल लिखना है और वह बात जो उनके भीतर ठहरी हुई थी जैसे खुद ब खुद बाहर आ गई । बोले आप तो बस हर फेयरवेल में इस किताब से दो तीन रचना सुनाया करिए देखते देखते साल निकल जाएगा और जब आप नहीं होंगे तो मैं सुनाऊँगा। यह एक बहुत बड़ी बात थी , जब आप नहीं होंगे तो मैं सुनाऊँगा। यह विजय पाण्डेय नहीं बोल रहे थे उनके भीतर उमड़ रहे जज्बात बोल रहे थे जो मैं बड़ी बारीकी से सुन रहा था।

## Social Media Corner

सच के हक में...



आज गढ़वा में मुझे कई आवेदन भी मिले हैं। पहले काम बंद कमरे में होता था तो किसी को पता ही नहीं चलता था। नगर उंटारी, बंशीधर नगर की समस्या को लेकर जानबूझकर कुछ लोगों ने वर्षों से विवाद पैदा करने का काम किया है, लोगों को आपस में लड़ाने का काम किया गया है। आप आश्वस्त रहें, यहां के लोगों की भावनाओं के अनुरूप ही सरकारी आदेश को फिर से ठीक किया जाएगा।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



राज्य में बच्चियों के साथ दरिंदगी रुक नहीं रही है। कल रांची से सटे अनगड़ा में मंडा पूजा देखकर घर लौट रही एक नाबालिग बच्ची के साथ पांच दरिंदों ने दुष्कर्म किया। अबतक केवल एक आरोपी की ही गिरफ्तारी हो पाई है। राज्य की ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था में बच्चियों की सुरक्षा बस सरकारी दावों में ही सिमट कर रह जाती है। पिछले 3 सालों में राज्य की बेटियां जितनी असुरक्षित हुई है, वह आज किसी से छिपी नहीं है। लेकिन लूट खसोट में व्यस्त सोरेन सरकार को ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार करने की फुरसत नहीं। लानत है ऐसे निक्कमें सरकार पर।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी

प्रयागराज प्रकरण पर योगी सरकार विपक्ष के निशाने पर है। उसके लिए यह आपदा में अवसर है। भारी-भरकम शब्दों से प्रहार हो रहा है। लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दी जा रही है। यह वही प्रदेश है जहां सपा, बसपा और कांग्रेस सभी को पूर्ण बहुमत से सरकार चलाने का अवसर मिला है। ऐसे में बात चलेगी तो दूर तक जाएगी। संविधान और लोकतंत्र से संबंधित प्रश्न भी उठेंगे। फिर सबके पूरे कार्यकाल पर चर्चा होगी। उस अवधि का आकलन होगा। इस प्रकार योगी सरकार का आकलन किसी एक घटना मात्र से नहीं होगा। समीक्षा छह वर्ष की होगी। इस आधार पर पिछली सरकारों से तुलना भी होगी। इसमें कानून व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से शामिल होगा। योगी सरकार की उपलब्धियां अभूतपूर्व हैं।

वर्तमान सरकार ने उत्तर प्रदेश में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के करीब 54 लाख गरीब परिवारों को एक-एक आवास उपलब्ध कराया है। 2 करोड़ 61 लाख गरीबों को शौचालय की सुविधा दी गई। डेढ़ करोड़ से अधिक गरीबों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। प्रदेश के पंद्रह करोड़ लोगों को विगत तीन वर्षों से निःशुल्क राशन की सुविधा मिल रही है। एक जनपद, एक उत्पाद योजना की शुरूआत उत्तर प्रदेश में की गई थी। आज प्रदेश के सभी जनपदों का एक यूनिक प्रोडक्ट है। ओडीओपी योजना ने प्रदेश के निर्यात को दोगुने से अधिक किया है। आज उत्तर प्रदेश एक्सपोर्ट का हब बन रहा है। राज्य को डिफेंस कॉरिडोर भी दिया गया है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल तथा झांसी में भारत डायनामिक्स यूनिट लग रही है।

कानपुर में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में अच्छा निवेश आ रहा है। प्रदेश सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे वाला प्रदेश बन गया है। इंसेफेलाइटिस उन्मूलन का प्रयास सफल हो रहा है। योगी सरकार की निवेश फ्रेंडली नीतियों का सकरात्मक परीणाम मिल रहा है। राजनीतिक स्थायित्व और गुड गवर्नेंस के नए दौर का सृजन हुआ है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध यूपी गुड गवर्नेंस, अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस, सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार, सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र, निवेश फ्रेंडली नीतियों के साथ ईज आफ डूइंग में अग्रणी राज्य है।

पिछले कुछ वर्षों में यहां तीन लाख करोड़ रुपये की सड़कें बनी हैं। जिस प्रदेश में कभी मात्र दो एयरपोर्ट हुआ करते थे, वहां आज वह नौ हवाई अड्डे क्रियाशील हैं। दस नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत प्रदेश के पौने दो करोड़ परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं। इसमें भी प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। एक्सप्रेस-वे, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा प्रदेश के श्रमिकों/स्ट्रीट वेण्डर्स को भरण-पोषण भत्ता देने में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज् का कार्य प्रदेश में प्रगति पर है। छह वर्ष पहले तक प्रदेश में कुल 12 राजकीय मेडिकल कॉलेज बन पाए थे। आज प्रदेश के 16 जनपदों को छोड़ दें तो शेष सभी जनपदों में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो चुकी है। सोलह जनपदों में मेडिकल कॉलेज के लिए प्रदेश सरकार युद्धस्तर पर कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पूर्वी उत्तर प्रदेश को जोड़ रहा है। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे बुन्देलखंड क्षेत्र को जोड़ रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ रहा है। वाराणसी से हल्दिया के मध्य देश का प्रथम राष्ट्रीय जलमार्ग प्रदेश को पूर्वी बन्दरगाह के साथ जोड़ता है। इसलिए किसी एक प्रकरण से किसी सरकार का मूल्यांकन करना गलत है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



अब तक झारखंड के जामताड़ा के कारण इस राज्य को साइबर क्राइम के लिए जाना जाता रहा है। मेधा के इस नाकारात्मक प्रयोग से इस राज्य की भी नकारात्मक छवि बन रही थी। इस छवि को बदलने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसमें सबसे बड़ी समस्या साइबर सिक्यूरिटी एक्सपर्ट की रही है। प्रति सेकेंड हजारों साइबर हमले देश पर होते हैं और हमें ज्यादा संख्या में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट की आवश्यकता है। साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के अलावा शिक्षण संस्थानों में भी इसके पाठ्यक्रम संचालित करने की जरूरत महसूस की जा रही थी। अब एक नई संभावना इस दिशा में दिखाई दे रही है। रांची विश्वविद्यालय के साइबर सिक्योरिटी कोर्स से पढ़कर युवा झारखंड को साइबर सिक्योरिटी हब के रूप में पहचान दिलाएंगे। जुलाई माह से रांची यूनिवर्सिटी में साइबर सिक्योरिटी से जुड़े कोर्स की शुरूआत होने जा रही है। नामांकन के लिए जून माह से आवेदन लिए जाएंगे। इस कोर्स को शुरू करने के लिए आरयू के कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में एक सप्लीमेंट्री एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। यह सप्लीमेंट्री एमओयू साइबर सिक्योरिटी कोर्स प्रारंभ करने के लिए आरयू, साइबर पीस तथा सीपीसी के बीच किया गया है। इस कोर्स की कक्षाएं एमसीए तथा फिजिक्स डिपार्टमेंट में संचालित होंगी। कुलपति का यह वक्तव्य भी सुखद संकेत देता नजर आ रहा है जिसमें उन्होंने कहा कि हमारा पूरा प्रयास है कि झारखंड साइबर क्राइम हब से साइबर सिक्योरिटी हब बने। इस कोर्स में क्लास के साथ ही रिसर्च की भी व्यवस्था प्रदान की जाएगी। रांची यूनिवर्सिटी मिनिस्ट्री आफ डिफेंस के सहयोग से इस महत्वपूर्ण कोर्स को प्रारंभ किया जा रहा है।

**एस अली, अध्यक्ष झारखंड छात्र संघ।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# प्लेऑफ की संभावनाएं बरकरार रखने जीत के इरादे से उतरेंगे सनराइजर्स और केकेआर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद टीम अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में सनराइजर्स को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा पर जीत के लिए उसके शीर्ष क्रम को रन बनाने होंगे। अब तक के मैचों में उसके शुरुआती बल्लेबाज रन बनाने में विफल रहे हैं। इस सत्र में अब तक इन दोनो ही टीमों ने रन नहीं बनाये हैं। ऐसे में उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपने बचे हुए सभी मैच जीतने होंगे। इसके लिए दोनो ही टीमों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अब तक इस सत्र में इन दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। केकेआर के अभी तक नौ मैचों में छह जबकि सनराइजर्स के आठ मैचों में छह अंक हैं। अंक तालिका में ये दोनो ही टीमें काफी नीचे आठवें और नौवें स्थान पर हैं।

अब तक के मैचों पर नजर रखें तो सनराइजर्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। पिछले मैच में अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया पर मयंक अग्रवाल रन नहीं बना पाये थे। टीम को अब मयंक से भी बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

सनराइजर्स के बल्लेबाज अभी तक एक ईकाई के तौर पर प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। टीम को अगर प्लेऑफ में पहुंचना है तो सभी को रन बनाने होंगे।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने वाले राहुल त्रिपाठी भी अब तक रन बनाने में विफल रहे हैं। कप्तान एडेन मार्कराम को इस मैच में बड़ी पारी खेलकर टीम को संभालना होगा। युवा हैरी ब्रूक का प्रदर्शन भी अब तक निराशाजन रहा है। ऐसे में उन्हें एक बार फिर मध्यक्रम में उतारा अवसर दिया जा सकता है। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के बाहर होने से भी टीम को नुकसान हुआ है। वहीं गेंदबाजी में उमरान मलिक का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। वह टीम के लिए काफी महंगे साबित हुए हैं।

वहीं दूसरी ओर विरोधी टीम केकेआर के भी हालात ठीक नहीं है। टीम को अब तक अपने कुछ खिलाड़ियों के बल पर ही जीत मिली है। टीम एकजुट होकर खेल नहीं पायी है। केकेआर को यदि नॉकआउट में पहुंचना है तो उसे तीनों क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। कप्तान नितीश राणा को स्वयं बेहतर प्रदर्शन कर खिलाड़ियों को प्रेरित करना होगा।

राणा स्वयं अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसे कि उनसे अपेक्षा की जा रही थी जबकि शीर्ष क्रम में एन जगदीशन भी विफल रहे हैं। जेसन रॉय और रहमानुल्लाह गुरबाज ने अच्छी बल्लेबाजी की है पर इन दोनों को एकसाथ शामिल करना संभव नहीं है।

केकेआर के लिए कमजोर गेंदबाजी भी परेशानी बन सकती है। अब तक के मैचो में आंद्रे रसेल और शार्दुल ठाकुर ने काफी रन दिये हैं। ऐसे में हर्षित राणा को अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावना है। हर्षित ने शुरुआती मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम के स्पिनर सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर तेज गेंदबाजों के नाकाम रहने से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीशन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, मनदीप सिंह और जेसन रॉय।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी. नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसेन और अनमोलप्रीत सिंह।

# विराट, गंभीर को कम सजा मिली, कुछ मैचों से प्रतिबंधित करें : गावस्कर



**मैड्रिड (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने आईपीएल मुकाबले में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली और पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के बीच विवाद पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि इन्हें कम सजा मिली है। गावस्कर ने कहा कि इन दोनो को ही कुछ मैचों से प्रतिबंधित कर देना चाहिये। बीसीसीआई ने विराट और गंभीर पर मैच फीस का 100 फीसदी जुर्माना भी लगाया है।

गावस्कर ने सवाल किया कि क्या जुर्माना इस बात की गारंटी है कि भविष्य में ये ऐसा फिर नहीं करेंगे। इस मैच के दौरान कोहली और नवेद-उल-हक के बीच विवाद हो गया और इस मामले में अंपायरों को बीच में आना पड़ा। बाद में गंभीर से विराट की बहस हुई। गावस्कर ने कहा कि भविष्य में इस तरह के झगड़े रोकने के लिए कड़े कदम उठाये जाने की जरुरत है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं पता कि गंभीर की स्थिति क्या है। उन्हें यह तय करना चाहिए कि यह दोहराया न जाए। आप उम्मीद कर रहे हैं कि यह दोहराया नहीं जाएगा, क्योंकि यह इतना कड़ा जुर्माना है, इतनी कड़ी सजा है। आप क्रिकेट जोश के साथ खेलना चाहते हैं। जिस समय हम खेले थे, उस दौरान थोड़ा मजाक उड़ाया जाता था, लेकिन अब हम जो आक्रामकता देखते हैं, वह अलग है। इसका बहुत कुछ इस तथ्य से जुड़ा है कि सब कुछ टीवी पर भी है। इस तथ्य के कारण कि आप टीवी पर हैं, आप शायद इसकी वजह से कुछ ज्यादा ही कर जाते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर इन्हें कुछ मैचों से बाहर कर दिया जाये तो इसका प्रभाव उनकी टीमों पर भी पड़ेगा और ये बड़ी सजा होगी। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि कुछ ऐसा करें जो सुनिश्चित करे कि ये चीजें फिर से न हों।

# राहुल आईपीएल से बाहर हुए, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में भी खेलना संदिग्ध

### -उनाकदट भी बचे हुए मैचों से बाहर हुए

**मुम्बई (एजेंसी)।** लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान केएल राहुल चोटिल होने के कारण आईपीएल के इस 16 वें सत्र से बाहर हो गये हैं। राहुल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ हुए पिछले मुकाबले में क्षेत्ररक्षण के दौरान यह चोट लगी थी। अब उनका अगले माह 7 जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लंदन में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिन (डब्ल्यूटीसी) मुकाबले में भी खेलना संदिग्ध है। राहुल की दाहिनी जांघ में चोट लगी है और वह अगले माह तक शायद ही ठीक हो पाये। राहुल आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस के कवर ड्राइव को बाउंड्री पर रोकने का प्रयास कर रहे थे तभी उन्हें यह चोट लगी। अब वह स्कैन और आगे के इलाज के लिए मुंबई जाएंगे।



राहुल पिछले काफी समय से फार्म से बाहर हैं। आईपीएल में भी अब तक खेले मैच में वह रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में अब टीम से बाहर होने से उनकी भविष्य पर भी सवाल उठने लगे हैं। इस बार उनके लिए वापसी काफी कठिन होगी क्योंकि युवा खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राहुल के अलावा तेज गेंदबाज जयदेव उनाकदट भी आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनके भी कंधे में चोट है। बीसीसीआई के एक अधिकारी के अनुसार राहुल का स्कैन मुंबई में बीसीसीआई द्वारा तय चिकित्सा सुविधा में किया जाएगा। इसके साथ ही उनाकदट का भी इलाज होगा।

# पर्पल कैप और ऑरेंज कैप के लिए ये हैं दावेदार

**मुम्बई (एजेंसी)।** डेविड वार्नर की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स (जीटी) को 5 रनों से हराकर सीजन की अपनी तीसरी जीत दर्ज की। बहुत से लोगों ने नहीं सोचा होगा कि दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम की पिच धीमी होगी क्योंकि गुजरात टाइट्स ने जीटी ने दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी की थी। मोहम्मद शमी के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद अमन हकीम खान के करियर के पहले अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने बेहद खराब शुरुआत से उबरते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां आठ विकेट पर 130 रन बनाए थे। इस मुकाबले में दिल्ली की टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए जीता हासिल कर ली थी।

इस मुकाबले के बाद अब पॉइंट्स टेबल में भी बदलाव आ गया है। जीटी बनाम डीसी स्थिरता के परिणाम का आईपीएल 2023 अंक तालिका पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जीटी और डीसी दोनों स्पेक्ट्रम के विपरीत छोर पर खड़े हैं। जबकि गुजरात आईपीएल 2023 अंक तालिका में सबसे आगे है, दिल्ली की राजधानियों को नौ मैचों में छह अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे रखा गया है। गुजरात टाइटन्स नौ मैचों में 12 अंकों के साथ आगे चल रही है, इसके बाद राजस्थान रॉयल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और पंजाब किंग्स आईपीएल 2023 में नौ मैचों में 10 अंकों के साथ आगे हैं।



### ऑरेंज और पर्पल कैप के लिए ये हैं उम्मीदवार

दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप के लिए भी दावेदारी में बदलाव देखने को नहीं मिला है। गुजरात के शीर्ष बल्लेबाज शुभमन गिल छह रन बनाकर कुल 339 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं। दूसरी ओर, डेविड वार्नर, जो दिल्ली की राजधानियों के शीर्ष बल्लेबाज हैं, 308 रनों के साथ सूची में आठवें स्थान पर हैं। आईपीएल 2023 ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड का नेतृत्व आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस कर रहे हैं, जिन्होंने नौ पारियों में 466 रन बनाए हैं। आरआर के यशस्वी जायसवाल और सीएसके के डेवोन कॉनवे क्रमशः 428 और 414 रन बनाकर शीर्ष पर है।

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ चार विकेट के शानदार स्पेल ने जीटी के मोहम्मद शमी को आईपीएल 2023 पर्पल कैप तालिका में सबसे ऊपर है। मोहम्मद शमी ने दिल्ली के खिलाफ खेले गए मुकाबले में चार विकेट हासिल किए है। वर्तमान में वो पर्पल कैप हासिल करने की लिस्ट में 17 विकेट के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के तुषार देशपांडे हैं जो 17 विकेट हासिल कर चुके है। वहीं बैंगलोर के मोहम्मद सिराज और गुजरात के राशिद खान तीसरे और चौथे स्थान पर है।

# शमी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची पत्नी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्?मद शमी जहां आईपीएल खेल रहे हैं। वहीं शमी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उनकी पत्नी हसीन जहां अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी हैं। हसीन ने शमी पर प्रताड़ित करने के अलावा कई अन्य आरोप भी लगाये हैं। हसीन और शमी के बीच साल 2018 में विवाद सामने आया था। उसके बाद से ही हसीन ने शमी पर कई तरह के आरोप लगाए थे जिन्हे शमी ने गलत करार दिया था। इस मामले में हसीन हाई कोर्ट भी पहुंचीं थी पर फैसले से वह संतुष्ट नहीं हुईं। ऐसे में अब हसीन ने शीर्ष अदालत में अपील की है। हसीन ने एक बार फिर शमी पर कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया है कि शमी के अन्य महिलाओं से संबंध हैं और वह उन्हें दहेज के लिए भी प्रताड़ित किया करते थे। हसीन की इस याचिका में यह कहा गया कि कानून के हिसाब से किसी भी विशेष स्थान नहीं मिलना चाहिए। साथ ही कहा कि शमी अपने क्रिकेटर होने का लाभ उठा रहे हैं। इससे पहले जनवरी 2023 में शमी को कोलकाता हाई कोर्ट ने बड़ा झटका देते हुए यह आदेश दिया था कि वह अपनी पत्नी को हर महीने 1.30 लाख रुपए देंगे। जिसमें से 80 हजार उनकी बेटी के लिए और 50 हजार उनकी पूर्व पत?नी हसीन जहां के लिए होंगे पर हसीन इस राशि से खुश नहीं हैं। उन्होंने 10 लाख रुपयों की मांग की हैं।

# पांड्या ने हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि प्रशंसकों की तरह वह भी चाहते हैं कि पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए संन्यास से वापसी करनी चाहिये। शास्त्री के अनुसार इसके लिए टीम प्रबंधन को धोनी से अनुरोध करना चाहिये। साथ ही कहा कि धोनी वापसी करेंगे ऐसा उन्हें नहीं लगाता क्योंकि वह रिकार्ड के लिए नहीं खेलते ओर एक बार जो फैसला लेते हैं उनपर बने रहते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी का फाइनल 7 जून से इंग्लैंड के ओवल में खेला जाएगा। इस महामुकाबले के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा हो गयी है। टीम के पास इस मैच के लिए विशेषज्ञ विकेटकीपर नहीं है। ऋषभ पंत कार हादसे के कारण अभी टीम से बाहर हैं। ऐसे में टीम के पास केएस भरत और लोकेश राहुल ही विकेटकीपर के तौर पर हैं। भरत ओर राहुल का विकेटकीपर के तौर पर प्रदर्शन कोई खास नहीं है। वहीं शास्त्री का मानना है कि हमें धोनी से रिटायरमेंट से वापस आने की अपील करनी चाहिए क्योंकि वो फिट लग रहे हैं और अभी भी आईपीएल में शानदार विकेटकीपिंग कर रहे। उन्होंने कहा, धोनी ने युवाओं को आईपीएल में बताया है कि कैसे विकेटकीपिंग की जाती है। वह कभी भी रिकॉर्ड के लिए नहीं खेले। जब उन्होंने टेस्ट से अलग होने का मन बनाया था तो कोई भी उसके फैसले को बदल नहीं पाया था। इसलिए उनकी वापसी की उम्मीद नहीं है।

# महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय : थाइलैंड ने 4 गेंदों में ही फिलीपींस को हराया

**बैंकाक (एजेंसी)।** थाइलैंड और फिलीपींस के बीच हुए एक महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में एक टीम ने केवल चार गेंदों पर ही मैच जीत लिया। इस मामले में फिलीपींस की टीम ने 11.1 ओवर तक बल्लेबाजी कर केवल 9 रन बनाए। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिलीपींस का सबसे कम स्कोर है। इसके बाद दूसरी टीम थाइलैंड ने केवल 4 गेंदों में बिना कोई विकेट खोये 10 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया। इसी के साथ ही वह सबसे कम गेंदों में जीत दर्ज करने वाली दूसरी टीम बन गयी है। इससे पहले रवांडा और तंजानिया ने भी 4 गेंदों में मैच जीता था।



इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फिलीपींस की टीम की कोई भी बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं बना पायी। टीम की ओर से 4 बल्लेबाजों ने 2-2 रन बनाये जबकि एक रन अतिरिक्त बना। इस तरह कुल 9 रन बने। वहीं थाइलैंड की ओर से थिपाचा पुथावोंग ने सबसे अधिक 4 विकेट लिए। ओनिछा केमकोफू ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा, एक विकेट नटाया बोशाथम को मिला।

इस मैच में केवल 10 रनों के लक्ष्य को थाइलैंड क्रिकेट टीम की एलेक्स स्मिथ की ओर से किए गए पहले ही ओवर की 4 गेंदों पर हासिल कर लिया। कप्तान ननापाट कोनसारसारिका ने 2 गेंदों में नाबाद 3 रन, जबकि नाकातन सनथाम ने 2 गेंदों में एक चौका लगाकर नाबाद 6 रन बनाए।

गौरतलब है कि महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे छोटा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड मालदीव का है। वह साल 2019 में बांग्लादेश और रवांडा के खिलाफ 6 रनों पर ही आउट हो गयी थी, जबकि इसी वर्ष नेपाल के खिलाफ 8 रन पर वह आउट हुई थी। वहीं तीसरे नंबर पर फिलीपींस क्रिकेट टीम आती है, जो अपनी पारी में 9 रनों पर ही आउट हो गयी थी। दूसरी ओर, थाइलैंड ने एक अनोखे वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की। उसने मैच सिर्फ 4 गेंदों में ही जीत लिया।

# तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज – भारत के गुकेश और अर्जुन होंगे खिताब के दावेदार

स्टाकहोम स्वीडन। तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट में इस बार दो भारतीय खिलाड़ी नजर आएंगे। प्रतियोगिता में 8 खिलाड़ी राउंड रॉबिन आधार पर आपस में कुल 7 क्लासिकल मुक़ाबले खेलेंगे जो की 4 मई से शुरू होकर 10 मई तक खेले जाएँगे। भारत के युवा ग्रांड मास्टर और विश्व नंबर 17 2732 फीडे रेटिंग वाले डी गुकेश को प्रतियोगिता में शीर्ष वरीयता दी गयी है जबकि भारत के ही ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी को दूसरी वरीयता मिली है। अन्य खिलाड़ियों में जर्मनी के विन्सेंट केमर, नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट, रूस के पीटर स्वीडलर, इज़राइल के बोरिस गेलफंड, मेजबान स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस और यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा को क्रमश: तीसरे से लेकर आठवीं वरीयता दी गयी है। प्रतियोगिता में पहली 40 चालों को चलने के लिए प्रति खिलाड़ी 90 मिनट दिये जाएँगे और उसके बाद बचे हुए मैच के लिए 30 मिनट का समय और दिया जाएगा जबकि पहली चाल से हर चाल पर 30 सेकंड का समय जुड़ता रहेगा।




# रियाल मैड्रिड की अंडर-17 टीम से अभ्यास मैच खेलेगी भारतीय टीम

मैड्रिड। भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम बुधवार को रियाल मैड्रिड की अंडर-17 टीम से यहां अपना अभ्यास मैच खेलेगी। यह भारतीय टीम के स्पेन दौरे का चौथा अभ्यास मैच होगा। भारतीय टीम थाईलैंड में जून में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप की तैयारियों के सिलसिले के लिए स्पेन दौरे पर है। भारत को एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। इससे भारतीय टीम को अभ्यास के लिए अच्छा अवसर मिलेगा। भारतीय टीम ने मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडीस के नेतृत्व में स्पेन दौरे में अभी तक बेहतर प्रदर्शन करते हुए एटलेटिको डी मैड्रिड अंडर-17, सीडी लेगानेस अंडर-18 और एटलेटिको मैड्रिलिनो के खिलाफ तीन मैच खेले हैं। कोच फर्नांडीस के अनुसार भारतीय टीम के लिए इस मैच से एशियाई कप से पहले अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपनी तैयारियों को आंकने का अच्छा अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा,'' इससे हमारे खिलाड़ियों को रियाल मैड्रिड जैसे शीर्ष क्लब के खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने से सीखने का अच्छा अवसर मिला है। हमारी टीम का हर खिलाड़ी इस मैच में खेलने के लिए तैयार है और हम अपनी तरफ से जीत के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।''कोच ने कहा,'' इन मैचों से हमारे खिलाड़ी वास्तव में अच्छी तरह से तैयार रहेंगे क्योंकि वह स्पेन में कुछ बेहद प्रतिस्पर्धी टीमों के मुकाबला कर रहे हैं।''

# विनेश ने खेलमंत्री ठाकुर पर निगरानी पैनल बनाकर कुश्ती महासंघ के मामले को टालने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर यौन शोषण के मामले को दबाने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी इस मामले में ठोस कार्रवाई की जगह एक निगरानी पैनल बनाकर मामले को टाल दिया। विनेश ने कहा कि राष्ट्रीय शिविर के दौरान पहले भी दो बार यौन उत्पीड़न के मामले सामने आए थे पर कुश्ती महासंघ ने उन्हें दबा दिया था। विनेश ने कहा कि इस मामले में खेल मंत्री ठाकुर से भी शिकायत की गयी थी पर उन्होंने भी एक पांच सदस्यीय निगरानी पैनल गठित करने से अधिक कुछ नहीं किया। धरने पर बैठे पहलवानों ने कहा कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं होती वे अपना धरना समाप्त नहीं करेंगे। विनेश ने कहा कि साल 2012 के राष्ट्रीय शिविर के दौरान भी एक पुलिस स्टेशन में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज की गई थी पर उस मामले को भी दबा दिया गया था। वहीं साल 2014 में एक फिजियो, ने इसी तरह का मामला उठाया पर उन्हें तत्काल ही शिविर से हटा दिया गया। उस दिन से उनकी पत्नी तक किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पायी। विनेश ने कहा कि हमने अपना विरोध प्रदर्शन शुरु करने से पूर्व तीन महीने पहले एक शीर्ष अधिकारी से इस मामले में शिकायत की थी। उन्हें बताया गया था कि कैसे यौन उत्पीड़न हो रहा था और कैसे महिला पहलवानों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था पर इसके बाद भी कुछ नहीं हुआ। महासंघ में खिलाड़ियों को ऐसी स्थिति में धकेला जा रहा था जहां वे अपनी जिंदगी के साथ कुछ भी कर सकती थीं। विनेश ने कहा कि धरने पर बैठने से पहले हमने तीन-चार महीने इंतजार किया पर जब कुछ नहीं हुआ तो हम जंतर-मंतर आ गए। जब हम खेल मंत्री से मिले तो महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं को साझा किया। लड़कियां उनके सामने रो रही थीं लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा



कि खेल मंत्री ने एक समिति बनाकर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की।

# विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी

### -ध्रुव कपिला और अर्जुन की जोड़ी चार पायदान ऊपर आयी


**बेंगलुरू। (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप विजेता भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गयी है। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी की जीत के साथ ही इस चैंपियनशिप में भारत को 58 साल बाद स्वर्ण पदक मिला है। इससे पहले दिनेश खन्ना ने साल 1965 में इस चैंपियनशिप के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

सात्विक और चिराग ने विश्व बैडमिंटन (बीडब्ल्यूएफ) रैंकिंग में एक स्थान के लाभ के साथ ही पांचवा स्थान हासिल किया है। सात्विक और चिराग ने फाइनल में ओंग यू सिन और तियो ई यी की मलेशियाई जोड़ी को 16-21, 21-17, 21-19 से पराजित किया था। वहीं ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन की एक अन्य भारतीय पुरुष युगल जोड़ी भी अपने अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। ये जोड़ी 4 पायदान ऊपर आकर 23वें स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा पुरुष एकल में एचएस प्रणय नौवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन एक-एक स्थान के लाभ के साथ ही 22वें और 23वें स्थान पर बरकरार हैं। मिथुन मंजूनाथ पांच पायदान ऊपर आकर विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर आ गये हैं। वहीं दूसरी ओर महिला एकल में स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु 12वें स्थान पर खिसक गई हैं सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी हैं जिससे उनकी रैंकिंग नीचे आयी है। जबकि तान्या हेमंत 55वें स्थान पर हैं। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी हाल के दिनो में अच्छे प्रदर्शन के बल पर दो स्थान के लाभ के साथ ही 17वें स्थान पर आ गयी है।



# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को लायन से रहना होगा सावधान


नई दिल्ली। टीम इंडिया को अगले माह जून में इंग्लैंड में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लॉयन से सावधान रहना होगा। लॉयन ने हाल ही में भारत में खेली गयी बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया था। तब उन्होंने भारत के खिलाफ 22 विकेट लिए थे। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से गावस्कर ट्रॉफी में 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज भी रहे हैं। लायन ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 116 विकेट लिए हैं। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 10 विकेट लिए थे। भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में लायन ने दो बार दस-दस विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने 9 बार 5 विकेट भी लिए हैं। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उनसे सावधान रहना होगा। उन्होंने साल 2023 के बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भी भारतीय बल्लेबाजों को खूब परेशान किया था। लायन ने अब तक 119 टेस्ट मैच खेलकर कुल 482 विकेट लिए हैं। इसमें उनका औसत 2.92 का रहा है।



# कृष-4 के निर्देशन से पीछे हटे राकेश रोशन

कुछ ही दिन पूर्व फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने सिने गलियारों में कृष-4 के निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनन्द को देने की बात को लेकर कहा था कि कृष-4 के निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ को नहीं दी गई है। अभी फिल्म की कहानी पर काम हो रहा है। वैसे भी इस फिल्म का निर्देशन मैं स्वयं ही करूंगा। लेकिन अब जो समाचार आ रहे हैं उनके अनुसार कृष-4 की कथा-पटकथा पर काम पूरा हो चुका है और अब राकेश रोशन ने इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी निर्देशक करण मल्होत्रा को सौंप दी है। करण मल्होत्रा वर्ष 2012 में ऋतिक रोशन को लेकर अग्निपथ नामक फिल्म बना चुके हैं। यह फिल्म उस वर्ष की सर्वाधिक कमाई वाली फिल्मों में शामिल हुई थी। हालांकि करण मल्होत्रा की उसके बाद आई फिल्में बद्रर्स और गत वर्ष रणबीर कपूर को लेकर बनाई गई शेमशरा बॉक्स ऑफिस पर अपनी लागत निकालने में असफल रही हैं। राकेश रोशन ने फिल्म कृष 4 की कहानी अपनी टीम के साथ मिलकर पूरी कर ली है। राकेश रोशन ने फिल्म के लिए निर्देशन के लिए करण मल्होत्रा को साइन किया है। राकेश रोशन को लगता है कि कृष 4 के लिए करण मल्होत्रा बिल्कुल सही निर्देशक होंगे और वह फिल्म में नयापन लेकर आएंगे। वहीं, दूसरी ओर सिद्धार्थ आनन्द कृष-4 के साथ बतौर निर्माता के जुड़ेंगे। ऋतिक रोशन इन दिनों सिद्धार्थ आनन्द द्वारा निर्मित और निर्देशित फाइटर में काम कर रहे हैं। इससे पहले वे सिद्धार्थ के साथ वॉर में काम कर चुके हैं। कृष-4 कब शुरू होगी इसे लेकर अभी सशंय की स्थिति है। पहले बताया गया था कि ऋतिक रोशन वॉर-2 के बाद कृष-4 को शुरू करेंगे, क्योंकि वॉर-2 आगामी वर्ष प्रदर्शित होने की घोषणा की जा चुकी है। ऋतिक रोशन फाइटर में दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर के साथ काम करते नजर आएंगे।

# जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग हुई खत्म



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की पिछली फिल्म मिली कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब जाह्नवी कपूर जल्द ही राजकुमार राव के साथ फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में नजर आने वाली हैं। जाह्नवी कपूर की इस फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौडा पोस्ट शेयर करके दी है। जाह्नवी ने फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लिखा, 2 साल पहले जब मैंने पहली बार अपना बल्ला उठाया था। और अब हमने आखिरकार मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग पूरी कर ली है। लेकिन मैं एक तरह से खाली महसूस करती हूं। कोरे कैनवास की तरह। हम आपके बिना खो गए होते। और मैं निश्चित रूप से पहले दिन ही गिर जाती। सर आपने हमें अपने कंधों पर उठा लिया और सुनिश्चित किया कि हम फिनिश लाइन तक पहुंचें। उन्होंने लिखा, आपने यह सुनिश्चित किया, चाहे चीजें कितनी भी कठिन क्यों न हों, हममें से कोई भी उत्कृष्टता के अपने प्रयास से समझौता नहीं कर रहा है। दुनिया के तनाव के बोझ तले, अभी भी धक्का दे रहा है, कभी नहीं सुलझ रहा है। और साथ में हमें सच्चाई और सुंदरता के क्षणों को खोजने और बनाने की अनुमति दी। और मुझे महिमा दी। यह कितना कठिन रहा है, मुझे पता है कि वह मेरे लिए एक उपहार है, जिसका मतलब है कि मैं इस बिंदु पर महसूस करने में सक्षम हूं। राजकुमार राव मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मैंने आपके साथ काम किया और आपकी प्रतिभा देखी। आपने हमारी फिल्म में जादू डाला। मेरी टीम को धन्यवाद मुझे समझदार बनाए रखने के लिए। मुझे ताकत देने के लिए। जरूरत पड़ने पर मुझे उठाने के लिए। मेरी पीठ हमेशा रखने के लिए। करण जौहर मुझे आशा है कि हमने आपको गौरवान्वित किया है! आपने जिस तरह से इस फिल्म में विश्वास किया है, उसके लिए धन्यवाद।



## जवान में डबल रोल में नजर आएंगे शाहरुख खान

फिल्म पठान से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के बाद बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान अब एटली कुमार की जवान और राजकुमार हिरानी की डंकी में नजर आने वाले हैं। फिल्म जवान से शाहरुख का फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आ चुका है। शाहरुख इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। वहीं अब इस फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। खबरों के अनुसार फिल्म जवान में शाहरुख खान डबल रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म में वह पिता और पुत्र दोनों का किरदार निभाएंगे। शाहरुख खान की जवान अमिताभ बच्चन की फिल्म आखिरी रास्ता से इंस्पायर्ड है, जो कमल हासन की फिल्म ओरु कैदियिन डायरी की रीमेक थी। अमिताभ बच्चन और कमल हासन ने इन फिल्मों पिता और पुत्र का डबल रोल किया था। दोनों ही फिल्में बदले की भावना पर बेस्ड थी। शाहरुख खान भी अपनी इस फिल्म में बाप और बेटे की भूमिका में दिखने वाले हैं और कहानी में कुछ वैसे ही टकराव हैं। हालांकि मेकर्स ने इस बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी है। फिल्म जवान में शाहरुख खान के अलावा नयनतारा, विजय सेतुपति और सुनील ग्रोवर नजर आने वाले हैं। यह शाहरुख खान की पैन इंडिया फिल्म है। बताया जा रहा है कि फिल्म में दीपिका पादुकोण और संजय दत्त का कैमियो होगा। यह फिल्म 2 जून, 2023 को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी।

# कियारा ने पूरी की सत्यप्रेम की कथा की शूटिंग



भूल भुलैया 2 की जबरदस्त सफलता के बाद कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की जोड़ी एक बार फिर फिल्म सत्यप्रेम की कथा में नजर आने वाली है। वहीं अब कियारा आडवाणी ने इस फिल्म की अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म के सेट से एक तस्वीर शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी है। तस्वीर में कियारा आडवाणी केक काटते नजर आ रही हैं। साथ ही कार्तिक आर्यन और फिल्म के क्रू मेबर्स भी दिख रहे हैं। इसके साथ कार्तिक आर्यन ने लिखा, कुछ दिन बाकी हैं लेकिन अब बिना कथा की शूटिंग खाली-खाली लगेगी... सत्यप्रेम को कथा की कमी खलेगी। इसके साथ कार्तिक ने कियारा की पोस्ट को भी रिपोस्ट किया है। इसमें लिखा है, यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है, एक ऐसी यात्रा जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी, एक ऐसा अनुभव जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। सबसे भावुक कलाकारों और क्रू मेंबर्स के साथ काम करने का सौभाग्य, जिन्होंने हमारी फिल्म में अपना दिल और आत्मा लगाई है। उन्होंने लिखा, मैंने इस यात्रा में नए दोस्त बनाए हैं जिन्हें मैं हमेशा के लिए प्यार और महत्व दूंगी। मेरे निर्देशक सर, आपने जादू पैदा कर दिया है, कार्तिक आर्यन, शरीन मंत्री, करण शर्मा मुझे ट्रिनिटी याद आएगी। गजराव सर, सुप्रिया पाठक मेम, अनुराधा पटेल और हमारी पूरी कास्ट बनाने के लिए धन्यवाद मैं आपके शानदार प्रदर्शन के साथ एक बेहतर कलाकार बनी हूं। और मेरे अपने दस्ते के लिए इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के माध्यम से मेरा ठोस समर्थन करने के लिए धन्यवाद। सत्य प्रेम की कथा, साजिद नाडियाडवाला की एनजीई और शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा की नम : पिक्चर्स के सहयोग से बनाई जा रही है।

## द केरल स्टोरी को प्रोपगैंडा बताए जाने पर अदा शर्मा ने दिया जवाब



बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा की अपकमिंग फिल्म द केरल स्टोरी ट्रेलर रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में हैं। यह फिल्म केरल राज्य से 32 हजार महिलाओं के लापता होने के पीछे की घटनाओं पर आधारित है। फिल्म में दावा किया गया है कि इन लापता महिलाओं का धर्म परिवर्तन कराकर आतंकवाद की राह में लगाया गया है। फैंस इस फिल्म को देखने का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं कई लोग फिल्म को कॉन्ट्रोवर्शियल और प्रोपगैंडा बता रहे हैं। बीते दिनों केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने द केरल स्टोरी के निर्माताओं पर निशाना साधते हुए कहा था कि वे फिल्म के जरिए लव जिहाद का मुद्दा उठाकर राज्य को धार्मिक अतिवाद के केंद्र के रूप में पेश करने संबंधी संघ परिवार के एजेंडे का प्रचार कर रहे हैं। वहीं अब अदा शर्मा ने फिल्म को लेकर चल रहे विवाद पर अपना रिएक्शन दिया है। अदा शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वह कह रही हैं, हमारी फिल्म किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। लेकिन यह निश्चित रूप से एक आतंकवाद विरोधी संगठन है। उन्होंने कहा, हमारी फिल्म लड़कियों को नशीला पदार्थ दिए जाने, ब्रेनवाश किए जाने, बलात्कार, मानव-तस्करी, जबरदस्ती गर्भधारण करने और लोगों द्वारा बार-बार रेप किए जाने के बारे में है। और जिस बच्चे को वे जन्म देते हैं, उन्हें उनसे छीन लिया जाता है और फिर उन्हें आत्मघाती हमलावर बना दिया जाता है। वहीं एक इंटरव्यू के दौरान अदा शर्मा ने कहा, एक इंसान होने के नाते, एक लड़की होने के नाते, ये बहुत ही डरावनी कहानी है कि लड़कियां गायब हो रही हैं। और भी डरावना है कि जो भी लोग इसे प्रोपेगेंडा कह रहे हैं या नंबर डिस्कस कर रहे हैं, मैं यकीन नहीं कर सकती कि पहले हम लोग नंबर जस्टिफिकेशन दे रहे हैं और फिर हम लोग कह रहे हैं लड़कियां गायब हुई हैं।

## रॉकिंग स्टार यश की नई फिल्म के बारे में इंटरनेट पर लग रहीं अटकलें



केजीएफ 2 की अपार सफलता के बाद, यश ने विश्व स्तर पर एक विशाल फैन बेस और बॉक्स ऑफिस पुल के साथ खुद को एक सुपरस्टार के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। फिल्म ने नए मानदंड स्थापित किए और अभिनेता को ताकतवर बना दिया। दर्शक उनके अगले विवरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं इसी बीच पिछले कुछ महीनों में, अभिनेता के उद्योगों में कई प्रमुख नामों के साथ टीम बनाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। जबकि दर्शक एक आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं, दर्शकों के बीच प्रत्याशा है, यश की अगली फिल्म के लिए कुछ अप्रत्याशित विकल्पों के बारे में रिपोर्टें आ रही हैं। अभिनेता के प्रशंसक उम्मीदों के साथ इंटरनेट पर बाढ़ ला रहे हैं, कैसे यश अपनी प्रत्येक फिल्म के लिए सावधानीपूर्वक तैयारी करते हैं और एक ऐसी फिल्म के लिए लक्ष्य बना रहे हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की हो। हालांकि, दर्शकों के एक निश्चित वर्ग ने अभिनेता के असामान्य निर्णयों के बारे में अपने विधारण भी साझा किए हैं। उनके प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर भी बाढ़ ला दी है कि कैसे अभिनेता प्रत्येक परियोजना के लिए खुद को समर्पित करते हैं, पावरफुल स्क्रिप्ट का चयन करने की आदत रखते हैं और अपेक्षाकृत नए निर्देशकों के साथ सुपरहिट मंथन करने का इतिहास रखते हैं। दूसरी ओर, दर्शकों का एक वर्ग ऐसा भी है जिसने अपनी आशंकाओं को साझा किया है और यह भी महसूस किया है कि अभिनेता अपनी पिछली फिल्म की भारी सफलता के बाद मिली लोकप्रियता को खो सकते है। अब सभी की निगाहें यश पर हैं और दर्शकों के लिए उन्होंने क्या योजना बनाई है।

# कपिल शर्मा के कारण कृष्णा के हाथ से छूटी फिल्म



**एक्टर और कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक ने हाल ही में बताया कि उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' के लिए डायरेक्टर साजिद खान की फिल्म छोड़ दी। कृष्णा अभिषेक कहा कि उन्हें कपिल शर्मा शो में काम करना था और बिजी डेट्स के चलते दोनों प्रोजेक्ट्स साथ में नहीं किए जा सकते थे। दरअसल, कृष्णा ने हाल ही में द कपिल शर्मा शो में वापसी की है। पिछले साल मेकर्स के साथ फीस को लेकर मनमुटाव के चलते उन्होंने शो छोड़ दिया था।**

बातचीत के दौरान कृष्णा ने कहा- कुछ दिक्कतें हैं, चैनल के साथ हमारा एक साल का कॉन्ट्रैक्ट और बिजी शेड्यूल है। साजिद खान ने जब मुझे वो फिल्म ऑफर की, तो मेरे पास डेट्स नहीं थी। उन्होंने मुझसे बोला- ' आप कर सकते हैं। लेकिन यह मुमकिन नहीं था वरना मुझे भी उनके साथ काम करके अच्छा लगता। द कपिल शर्मा शो में कृष्णा की वापसी से फैंस बेहद खुश हैं। शो में उनका जोरदार वेलकम हुआ। जैसे ही कृष्णा स्टेज पर आए, तालियों से उनका स्वागत किया गया। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एंट्री की एक क्लिप शेयर करते हुए लिखा - ' सपना वापस आ गई है। मेरे प्यारे फैंस आपको इतने सारे प्यार के लिए शुक्रिया। कृष्णा ने कहा- मेरा शो छोड़ कर जाने का मन कभी नहीं था। लेकिन, पैसों और कॉन्ट्रैक्ट को लेकर कुछ प्रॉब्लम थी, लेकिन अब वो सॉल्व हो चुकी है। ये शो और यहां के लोग बिल्कुल घर जैसे हैं। सपना की एंट्री होगी बढ़िया तरह से होगी। घर का भूला शाम को घर पर लौट कर आए तो उसे भूला नहीं कहते। ये वही वाला हिसाब है। बता दें कि यह कपिल शर्मा शो का चौथा सीजन चल रहा है। फैंस अब भी इस शो को बेहद पसंद करते हैं। बीते दिनों, शो के होस्ट कपिल शर्मा ने बताया था कि उनकी टीम जुलाई में यूएस टूर पर जा सकती है।